ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 11 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 128 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'आई लव यू' सीन के लिए 14 घंटे तक पानी में ... पेज 12 पर



## राजधानी को छोड़कर अन्य जिलों में दिखा बंद का असर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नियोजन नीति के विरोध में झारखंड यूथ एसोसिएशन की ओर से 10 और 11 जून को झारखंड बंद आहूत किया गया है। बंद के पहले दिन शनिवार को राजधानी रांची में बंद का कोई असर नहीं दिखा। रांची के कोकर, लालपुर, थड़पकना, कांटा टोली, अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी चौक सहित अन्य स्थानों पर दुकानें खुली रही। सड़कों पर वाहन अन्य दिनों की तरह चलते हुए दिखे। बोकारो, हजारीबाग, दुमका और सरायकेला समेत कई जिलों में झारखंड बंद का व्यापक असर दिखा। कई जगहों पर छात्र संगठन ने टायर जलाया तो कई जगहों पर सड़क पर जाम लगाकर विरोध किया। 60-40 नाय चलतो का नारा भी लगाया गया। बंद समर्थकों ने नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर बाजार के समीप रांची जमशेदपुर हाइवे पर टायर जलाकर आवागमन को अवरुद्ध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर आवागमन सामान्य कराया। बंद समर्थक शनिवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे। कांटा टोली बस स्टैंड के दुकानों को बंद कराया और बस ऑनर एसोसिएशन से बस नहीं चलाने का मांग किया, जिसका एसोसिएशन ने समर्थन किया। इसके बाद बंद समर्थक नामकुम के रामपुर स्थित रांची टाटा मार्ग पर टायर जलाकर आगजनी की। घटना की सूचना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### हजारीबाग के बड़कागांव में असर

हजारीबाग के बड़कागांव में झारखंड में 60-40 नियोजन नीति को रद्द कराने, झारखंड के सभी बहाली यों में झारखंड का स्थाई निवासी शब्द को जोड़ने, खतियानी नियोजन नीति को लागू कराने एवं झारखंड के मूल निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांगों को लेकर शनिवार सुबह से ही सड़क जाम कराया गया। कई जगहों पर पुलिस के गैरमौजूदगी में बंद समर्थकों ने उत्पात मचाने की कोशिश की।

### सरायकेला में बंद का आंशिक असर

बंद का सरायकेला खरसावां जिला में आंशिक असर रहा। बंद समर्थकों ने सरायकेला कांड्रा मुख्य मार्ग को बड़ा कंकडा मोड़ के समीप जाम कर दिया। जाम कुछ देरी के लिए रहा। इस दौरान सूचना पर सरायकेला थाना की पुलिस जाम स्थल पहुंची और आंदोलनकारियों को समझा बुझाकर जाम हटाया, जिससे आवागमन सामान्य हुआ। बंद के दौरान जिला मुख्यालय की दुकानें खुली रही। जबकि वाहनों का आवागमन भी सामान्य दिनों की तरह हुआ।

### बोकारो में दिखा बंद का व्यापक असर

बंद के पहले दिन शनिवार को बेरमो अनुमंडल के फुसरो क्षेत्र में असरदार रहा। पहले दिन के बंदी को लेकर यूनियन के स्थानीय नेताओं व युवाओं ने सुबह से ही सड़कों पर निकलकर दुकानों को बंद करवाया, जिसके बाद फुसरो स्थित शहीद निर्मल महतो के समीप सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम से फुसरो-डुमरी और फुसरो-जैनामोड़ सडक सर भारी वाहनों की कतार लगी रही। बंद समर्थक बाइक से सड़कों पर घूम-घूमकर बंद का जायजा लेते रहे।

## छह आदिम जनजाति समूह के 104 लोग राष्ट्रपति से मिलेंगे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के छह अत्यंत संवेदनशील आदिम जनजाति समूह के 104 लोग शनिवार को दिल्ली रवाना हुए। वे रांची स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से रवाना हुए। उनके लिए उक्त ट्रेन में दो अतिरिक्त बोगी जोड़ी गई थी। वे 12 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। आदिम जनजाति समूह केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और राष्ट्रपति के आमंत्रण पर दिल्ली रवाना हुए है। इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब देश की राष्ट्रपति सीधे तौर पर लुप्त होती आदिम जनजाति समुदाय से सीधे तौर पर संवाद करेगी। इन जनजाति समुदाय में असुर, बिरहोर, बिरजिया, कोरबा, परहिया और सबर समुदाय शामिल है। झारखंड से गए सभी आदिम जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि 14 जून ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय टीम में झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी सरिता का चयन



**रांची।** मलेशिया में 14 से 19 जून तक आयोजित एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड की सरिता कुमारी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। सरिता झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी होगी, जो इस चैंपियनशिप में भाग लेगी। एशियन जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इंडियन टीम शनिवार को मलेशिया रवाना हुई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक को यह जानकारी दी।

### 1.5 किलो अवैध अफीम के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लावालौंग थाना अंतर्गत ग्राम कोलकोले कला के कटहर टोला में अब्बस के घर छापेमारी कर डेढ़ केजी अवैध अफीम बरामद करने के साथ तस्करी में शामिल पति-पत्नी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपओ अशोक कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि अवैध अफीम किसी बाहरी व्यक्ति को बेचने की सूचना का सत्यापन करते हुए छापामारी की गई, जहां मो. अब्बस के घर से एक प्लास्टिक के डिब्बे में काले रंग का अर्द्ध ठोस अफीम जैसा पदार्थ (1.5 केजी) बरामद हुआ। अफीम को जब्त करने के साथ मो. अब्बस एवं पत्नी आईसा खातून को गिरफ्तार किया गया।

### कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे वाले स्टेशन पर नहीं रुकेगी कोई ट्रेन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर के पास जिस बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के करीब कोरोमंडल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी उस स्टेशन पर अब कोई ट्रेन नहीं रुकेगी। साउथ ईस्टर्न रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद रेल मंत्रालय के अनुरोध पर जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने स्टेशन का लॉग बुकए रिले पैनल और अन्य उपकरण जब्त कर लिया है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ ना हो सके इसके लिए स्टेशन पर किसी भी ट्रेन के रुकने पर फिलहाल अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। चौधरी ने बताया कि गत हफ्ते शुक्रवार को रेल दुर्घटना के बाद सोमवार को अप और डाउन लाइन पर रेलवे यातायात को पुनर्बहाल किया गया था।

## गढ़वा : डैम में डूबने से 3 बच्चों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता।**

श्री बंशीधर नगर। गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। नया खांड से सटे बभनी खांड डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह 10बजे की है। मृतकों में कुशमाहा गांव के मुन्ना उरांव के नौ वर्षीय पुत्र सोनू उरांव, जंगीपुर निवासी मुन्ना उरांव के सात वर्षीय पुत्र पंकज उरांव तथा जंगीपुर निवासी जवाहर पासवान की 13 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी के नाम शामिल हैं। बच्चे डैम में नहाने गए थे, इसी दौरान वो गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी के बाद डैम के समीप ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी गयी। पूरा डैम परिसर परिजनों की चीत्कार से दहल उठा। घटना के बाबत बताया गया कि तीनों बच्चे डैम के पास बकरी चरा रहे थे। घर लौटने से पहले तीनों ने डैम में नहाने का प्लान बनाया और नहाने चले गये। नहाने के क्रम में तीनों गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख एक महिला ने शोर मचाया और उसके बाद लोग वहां जुटे और बच्चों को बचाने की कोशिश शुरू हुई। जब तक बच्चों को डैम से निकाला गया तब तक देर हो चुकी थी। तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से जंगीपुर और नयाखांड़ गांव में मातम पसरा हुआ है। इससे पहले भी बभनीखांड डैम में 14 अक्टूबर 2022 को मछली मारने के क्रम में एक नाबालिग समेत चार लोगों की डूबने से मौत हो गयी थी। 3 सितंबर 2021 को भी दो चचेरी बहनों की डैम में डूबने से मौत हो गयी थी।

## झारखंड में कल से प्री-मानसून बारिश, गर्मी से राहत की उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गर्मी का कहर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा। राज्य के तकरीबन सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास ही रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 12 जून से पहले तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। 11 जून से राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 12 जून प्री-मानसून से भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, 12 जून से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग

**झारखंड** में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को पत्र लिख कर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उज्ज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य के लगभग सभी जिलों में लू एवं चिलचिलाती गरमी पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा भी इस संबंध में सूचना प्रसारित है कि आगामी कुछ दिनों तक राज्य में लू एवं चिलचिलाती गरमी की संभावना है। लेकिन राज्य में संचालित कुछ विद्यालयों द्वारा घोषित ग्रीष्म अवकाश की अवधि समाप्त चुकी है एवं विद्यालय में कक्षा का संचालन किया जा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उज्ज्वल तिवारी ने सचिव से अनुरोध किया है कि गर्मी की वर्तमान स्थिति एवं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि को विस्तारित करने के लिए आदेश निर्गत करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाये।

## मुख्यमंत्री की विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक 15 जून को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर 15 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समीक्षा बैठक करेंगे। इस बाबत पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स के साथ-साथ कई अन्य मसलों पर बात करेंगे। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है।

विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री समीक्षा तो करेंगे। इसके अलावा राज्य में अवैध खनन, अवैध खनन से हो रहे हादसों की भी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री यह भी समीक्षा करेंगे की अवैध खनन को रोकने के लिए जो टास्क फोर्स बनाया गया है उसने अब तक कैसा परफॉर्मेंस दिया है। 15 जून की समीक्षा को लेकर झारखंड के सभी जिलों के एसपी डीआईजी आईजी के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी पुलिस मुख्यालय के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## नये हाईकोर्ट में कल से होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नये भवन में 12 जून से दोपहर लगभग दो बजे सुनवाई शुरू हो जायेगी। इस नये भवन में जिस मामले की सबसे पहले सुनवाई हो रही है वो मामला है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ की गयी अपील। पहले ही दिन यहां संविधान पीठ बैठेगी, जिसमें चीफ जस्टिस समेत 5 जज शामिल रहेंगे। इस मामले में सुनवाई के बाद पीठ यह फैसला लेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाईकोर्ट की एकलपीठ में होगी या खंडपीठ में। नये भवन में लिया जाने वाला यह अहम फैसला होगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई के बाद फैसला करेगी।

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

रनिया थानांतर्गत उड़ीकेल बड़काटोली गांव के समीप से पुलिस ने शुक्रवार को पीएलएफआई के एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी उर्फ मोटा उर्फ सुकरात को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा एक जिंदा गोली सहित पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया है। उसके खिलाफ तोरपा, रनिया और गुमला जिले के कमडारा थाने में 11 मामले दर्ज हैं। यह जानकारी खूंटी के प्रभारी एसपी नौशाद आलम ने शनिवार की शाम एसपी कार्यालय खूंटी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर सुप्रीमो दिनेश गोप का विश्वस्त कमांडरों में से एक था। दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद कमजोर हो चुके संगठन को वह मजबूत करने के प्रयास में जुटा था। प्रभारी एसपी ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एरिया कमांडर विश्राम कोनगाड़ी उड़ीकेल गांव के आसपास भ्रमणशील है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा के एसडीपीओ ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तार कर लिया गया।


## अंचल कार्यालय का प्रधान सहायक घूस लेते गिरफ्तार



**धनबाद।** डीएसपी नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने गोविंदपुर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है। एसीबी उससे पूछताछ कर रही है। प्रधान सहायक गोरतोपा पंचायत के डोमनडीह निवासी सनातन हेंब्रम से उनके 28 एकड़ जमीन की रशीद काटने के एवज में दो लाख अस्सी हजार रुपये की घूस की मांग कर रहे थे। इसी की पहली किस्त के रूप में पंद्रह हजार रुपये लेते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। जैसे ही एसीबी की छापेमारी हुई अंचल और ब्लॉक दोनों ही जगह पर हड़कंप मच गया। वहां से बीडीओ-सीओ फरार हो गए।

### राज्य समन्वय समिति की बैठक में हुई चर्चा, सरकार से रखी मांग

## निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी आरक्षण लागू हो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष सह सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मोरहाबादी स्थित उनके आवास में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए विनोद पांडेय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सबसे पहले सरकार की ओर से जो भी निर्णय लिये गये थे उन निर्णयों को सरकार मजबूती से लागू करे। जहां भी त्रुटी है, उन त्रुटियों को दूर करते हुए जो राज्य के लोगों की जनभावना है उस जनभावना को पूरा करने का प्रयास करने के लिए सरकार को परामर्श दिया है। निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को जो प्रावधान लागू किया गया है उसे सख्ती से लागू करने का परामर्श सरकार को दिया गया है। जो छात्र और युवा हैं, उनका नियोजन हो और जो सरकार से उनकी जो उम्मीदें हैं, वह पूरा हो।

उन्होंने कहा कि दूसरा जो महत्वपूर्ण विषय सरना आदिवासी धर्म कोड है। राज्य सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजने का काम किया। सरना आदिवासी धर्म कोड इस राज्य के लोगों की भावना से जुड़ा मामला है। राज्य सरकार ने इस मामले का निष्पादन किया। इसी प्रकार केंद्र सरकार भी भावना के अनुरूप अनुमोदित करे। उन्होंने कहा कि समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इस पर राष्ट्रपति से मिलकर लागू करवाने का अनुरोध किया जाये।

उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति राज्य सरकार की ओर से बनायी गयी। विधानसभा ने उसे ध्वनि मत से पारित किया। राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया लेकिन राज्यपाल के यहां से बिना अनुमोदन के सरकार को लौटा दिया गया। समिति ने सरकार से निवेदन किया है कि जनभावना को देखते हुए इस स्थानीय नीति पर निर्णय लिया जाये। उन्होंने कहा कि एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण को भी विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के यहां भेजा गया। राज्यपाल की ओर से इस विधेयक को समीक्षा करने की बात कहकर लौटा दिया गया। सरकार इस पर निर्णय लेकर उसे लागू करें।

इसी प्रकार जनभावना के अनुरूप नियोजन नीति बनायी गयी लेकिन भाजपा के रवैया से यह मामला हाईकोर्ट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पटना व रांची वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 12 को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन (जेएसएसयू) के झारखंड बंद के मद्देनजर रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रिशेड्यूल किया है। पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होना था लेकिन तारीख को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 12 जून को पटना से रांची और रांची से पटना के लिए ट्रेन का ट्रायल रन होगा।

उल्लेख है कि जेएसएसयू ने राज्य सरकार की 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। पटना से 12 जून को सुबह 6.55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8.20 बजे गया पहुंचेगी। बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11.30 रहेगा। दोपहर एक बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रुकेगी। अभी तक की प्लानिंग के मुताबिक गया में 10 मिनट और बरकाकाना में पांच मिनट ट्रेन रुकेगी।

12 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे ( 2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। टाटीसिल्वे में बिना रुके 3.30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। इसके बाद शाम सात बजे गया और फिर 20.25 बजे (शाम 8 बजकर 25 मिनट) पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### डीएवी का तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त

# ‘शिक्षण संस्थान में शिक्षकों की भूमिका अहम’

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी कपिलदेव और डीएवी हेहल में शिक्षकों के लिए चल रहा तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आज समाप्त हो गया। डीएवी सीएई के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने अपने अपने विषय में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं और पढ़ाने के नए-नए तरीके बताए। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रति भी जागरूक किया गया और उसी के अनुरूप अपने को तैयार करने को कहा गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे शिक्षकों ने इसे बहुत उपयोगी बताया। सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक एम के सिन्हा ने इस अवसर पर कहा शिक्षण निरंतर चलनेवाली प्रक्रिया है। एक शिक्षक को हर दिन कम से कम एक घंटा अवश्य पढ़ना चाहिए। शिक्षकों छात्रों के जीवन संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में सीखी गई विद्या को वर्ग में छात्रों तक पहुंचाएं तथा नयी शिक्षा नीति को ध्यान में रखें। इस कार्यशाला में डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी खूंटी, डीएवी सिमडेगा, डीएवी बिष्टुपुर, डीएवी भवनाथपुर, डीएवी खलारी, डीएवी गुमला, डीएवी बुंडू, डीएवी सिल्ली, डीएवी गोविन्दपुर टीसीआई के शिक्षकों ने भाग लिया। विज्ञान समेत अन्य विषय के लिए डीएवी हेहल में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान संत जेवियर कॉलेज रांची के अवकाश प्राप्त हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कमल बोस ने विशेष परामर्शदाता के रूप में हिंदी और संस्कृत शिक्षकों को संबोधित किया। मौके पर डीएवी जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल, कडरू, रांची के प्राचार्य एमके सिन्हा, डीएवी हेहल के प्राचार्य एस के मिश्रा, डीएवी गुमला के प्राचार्य आर के साहू, डीएवी खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार, डीएवी बिष्टुपुर की प्राचार्या श्रीमती प्रज्ञा सिंह, डीएवी गढ़वा के प्राचार्य ए के चौबे, डीएवी भवनाथपुर के प्राचार्य आर सचदेवा, डीएवी बुंडू प्राचार्य टी बनर्जी, डीएवी सिल्ली की प्राचार्या बुबुन शरण एवं डीएवी टीसीआई गोविन्दपुर के प्राचार्य श्री विवेकानंद घोष मौजूद थे।




### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत



**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत बांसारूली पंचायत के कलवाडीह निवासी स्वर्गीय शंकर महतो के पुत्र पीकू कुमार महतो उम्र 22 वर्ष की शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बारूडीह अपने रिश्तेदार के वहां गए हुए थे। लौटने के क्रम में बारंदा के समीप बाइक से गिरकर उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता स्वर्गीय शंकर महतो की भी मौत पिछले साल यही सड़क दुर्घटना में हुई थी। मृतक मां बाप के इकलौते पुत्र थे। मौत की खबर सुनते ही कलवाडीह गांव मातम मे बदल गया! प्रशासन द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# रथ पूजा को लेकर किला परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

ऐतिहासिक रथ पूजा को लेकर शनिवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। राजकीला परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बड़ी मणि माधुरी मंजूरी देवी ने किया। बैठक में पेयजल, अतिक्रमण, स्वच्छता, अवैध शराब, यातायात के नियमो पर चर्चा हुयी। शांति समिति के लोगों ने मेले में भीड़ को देखते हुये डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह से ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अवैध शराब की विक्री पर पाबंदी लगाने की मांग की। वही मेले के बाद मेला मैदान की साफ सफाई पर जोर दिया गया। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि मेले में हुड़दंगियों व मनचलो पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। शराब पी कर आनेवालों पर भी कार्यवाई किया जाएगा। वही शराब व मास मछली बेचने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। बैठक में मेले व पूजा सुरक्षा को लेकर पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।बैठक को सीओ प्रदीप कुमार, जीतेश्वर मुंडा ,महावीर विश्वकर्मा ,राणा सिंह ,राजकुमार सोनी, शिवपूजन साहू, बैजनाथ साहू, हजारी प्रसाद ,अनिल ठाकुर, मोहन मुरारी, रणधीर तिवारी आदि लोगो ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन अतुल राज व धन्यवाद ज्ञापन पृथ्वीनाथ शाहदेव ने किया।



### शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के लिए हेमंत सरकार प्रयासरत

**रांची।** गुमला प्रखंड के चरकाटांगर गांव में शहीद बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा पाठ के साथ किया गया। स्थानीय महिला समूह ने विधायक भूषण तिर्की का स्वागत किया। खोड़हा दल ने पारंपरिक नाच गान प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड राज्य के भगवान हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उनके योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के लिए हेमंत सरकार लगातार प्रयासरत है। शहीद के गांवों का विकास तेजी से हुआ है। हेमंत सरकार में शहीद व उनके परिजनों को मान सम्मान दिया गया है। इस मौके पर रंजीत सिंह सरदार, मुखिया सत्यवंती देवी, समाजसेवी बसंत लोहरा सहित कई लोग मौजूद थे।

### युवाओं को बाइक पर करतब दिखा वीडियो बनाना पड़ रहा भारी

# लापरवाह रफ्तार ले रही लोंगों की जानें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महानगरों में कई युवा अक्सर खुद को अलग दिखाने के ट्रेंड में शामिल हो जाते हैं, जिसे अपनाकर या फॉलो कर युवा खुद को बाकियों से श्रेष्ठ समझने लगते हैं। बाइक पर स्टंट करके वह खुद को स्टाइलिश और ज्यादा एडवेंचर करने वाला समझने लगते हैं, लेकिन यही एडवेंचर कभी कभी उनकी जान पर भारी पड़ जाता है। रांची में भी अब कई युवा ऐसे ही स्टंट करते नजर आते हैं। राजधानी पुलिस ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रख रही है और कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। यह भी पढ़ेंः पलामू में एनएच 98 पर पांच वाहनों की भिड़ंत, बाल-बाल बचे लोगदरअसल, राजधानी रांची में हर महीने औसतन 40 से 45 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं। यह आंकड़े तब सामने आ रहे हैं, जब राजधानी के अधिकांश सड़कों को बेहतरीन बना दिया गया है और ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करके उन्हें भी दुरुस्त कर दिया गया है। सड़क सुरक्षा कार्यालय का रिसर्च बताता है कि राजधानी में अब मानव गलतियों की वजह से हादसे सामने आ रहे हैं। रिसर्च के दौरान सड़क हादसों के कई नए वजह भी सामने आए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख स्टंट कर वीडियो बनाना, ईयर बड्स का इस्तेमाल, तेज रफ्तार और ड्रंक एंड ड्राइव है। रोड इंजीनियरिंग हुआ बेहतरः तीन साल पहले तक राजधानी के कई सड़क बेहद जानलेवा थी। खास कर रांची टाटा रोड को तो मौत की घाटी कहा जाने लगा था। सड़क हादसे लगातार सामने आ रहे थे। इसमें लोगों की जानें जा रही थीं। नतीजा परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर जहां सबसे ज्यादा हादसे सामने आ रहे थे उसमें रांची टाटा रोड और शहर के वैसे सभी ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया। जिसके बाद 3 साल के भीतर अथक मेहनत कर सभी ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त कर दिया गया।

जिन सड़कों पर हादसे हो रहे थे, उसे बेहतरीन कर दिया गया, लेकिन हादसों में मौत का आंकड़ा इन सब के बावजूद कम नहीं हुआ। सड़क हादसों की वजहों को दूर करने के बावजूद जब इसमे कोई कमी नहीं आई, तब सड़क सुरक्षा कार्यालय ने इस पर दोबारा रिसर्च किया। सड़क सुरक्षा कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उन सभी जगहों पर गए, जहां हादसे सामने आए थे और लोगों की जान गई थी। मौके पर जाने पर अधिकारियों को रोड इंजीनियरिंग में कोई खामी नहीं मिली। आसपास के लोगों से पड़ताल करने पर और सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर यह नजर आया कि जो भी हादसे हो रहे हैं।



### विकास कार्यों में अड़ंगा डाल रही है भाजपा : सुदीप गुड़िया

**खूंटी।** झामुमो तोरपा प्रखण्ड समिति के तत्वावधान में शनिवार को बारकुली बगीचा में सदस्यता अभियान को लेकर के बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष अमृत हेमरोम ने की। झामुमो केन्द्रीय सदस्य और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी और मूलवासियों को अधिकार देने के लिए संकल्पित है लेकिन भाजपा स्थानीय नीति हो या ओबीसी आरक्षण हर काम में अड़ंगा लगा रही है। भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है कि हेमंत सोरेन काम नहीं कर रही है लेकिन झारखंड की जनता सच्चाई समझ रही है। कार्यक्रम को प्रखंण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो, किसान मोर्चा प्रखंण्ड उपाध्यक्ष दीपक राय, जिला महिला मोर्चा की विश्वासी हेमरोम आदि ने भी संबोधित किया।

# डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने मिस्त्र देश का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट एक्सकर्शन का आयोजन किया गया जिसके तहत उन्हें मिस्त्र की ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण मनोरम भूमि से रूबरू होने का मौका प्राप्त हुआ। समृद्ध संस्कृति और ज्ञानवर्धक अनुभवों से परिपूर्ण यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय रोमांच साबित हुई। इस यात्रा से छात्रों को ईजिप्ट के अद्वितिय प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक स्थलों से परिचित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। दस दिवसीय भ्रमण के दौरान छात्रों को मिस्त्र के समृद्ध इतिहास, प्रतिष्ठित स्थलों और जीवंत परंपराओं का पता लगाने का अवसर मिला। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने प्राचीन मिस्त्र के रहस्यों को गहराई से जानने के साथ-साथ देश के आधुनिक आकर्षण का भी लुत्फ उठाया। इस भ्रमण की शुरूआत मिस्त्र की राजधानी कैरो से शुरू हुई और अलेक्जेंड्रिया की ओर बढ़ी।

# मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ अभ्यास



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर प्रखंड के सोसई आश्रम मैदान के मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अभ्यास शिविर का शुभारंभ किया गया।आशुष चिकित्सक डॉ. सरिता ने बताया कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष निदेशालय के निर्देश अनुसार 21 जून को भव्य रुप से देश में योग दिवस मनाया जाएगा।इसी को देखते हुए 10 जून से ही लगातार 20जून तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस योगाभ्यास शिविर में भाग लेने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी ने दिया है। शनिवार को सोसई आश्रम पतंजलि योग परिवार के साथ डॉ. सरिता ने इस योगाभ्यास शिविर का शुभारंभ किया।योग गुरु विनय प्रसाद, योग गुरु अमरेश सिंह तथा योगगुरु खिलेश्वर प्रसाद ने सुबह पाँच बजे से सात बजे तक योग के भिन्न भिन्न आसनों की स्वास्थ संबंधित जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों योगाभ्यास कराया।मौके पर भुवनेश्वर सिंह, जे पी गुप्ता,अमिताभ उर्फ बाबू पाठक, सीताराम साहु, गोपाल साहु सहित पतंजलि परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### वज्रपात से मृत पशुओं के प्रभावितों को मुआवजा राशि

**रांची।** प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जिला के बेड़ो अंचल के कुल 02 प्रभावितों के लिए कुल 55,000 (पचपन हजार) रुपये की मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गयी है। बेड़ो अंचल की आवेदिका गांगी देवी, पति मुण्डा ग्राम-नेहालु बधिया टोली पो०-नेहाल थाना-बेड़ो जिला-रांची का एक बैल की मृत्यु दिनांक 07.09.2020 को प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से हो गयी, जिसकी क्षतिपूर्ति की आक्कलन राशि प्रति व्यक्ति की दर से मुआवजा राशि 25,000 /- (पच्चीस हजार) रुपए मात्र की अनुदान हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। आवेदक जुमन अंसारी, पिता स्व० वादली अंसारी, ग्राम-करगे टंगरा टोली, पो०- सेरो, थाना-नरकोपी, जिला-रांची की एक गाय (मवेशी) की मृत्यु दिनांक 18.09.2020 को प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से हो गयी थी।

# पुलिस ने मांगा दस्तावेज तो बाइक छोड़कर हुआ आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पिस्कामोड़ के पास ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान पकड़ाए बाइक सवार से जब कागजात मांगा तो दोनों बाइक व मोबाइल छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने जब तफ्दीश की तो पता चला कि पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र में रहने वाले शिक्षक हासिम अंसारी की बाइक है। जिसे आरोपियों ने चोरी कर ली थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पंडरा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने बाइक जब्त कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पिस्कामोड़ ट्रैफिक पोस्ट में एएसआई महादेव पांडेय की तैनात हैं। शुक्रवार की शाम वह ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो लोगों को एएसआई ने रोका। कागजात की मांग कीए लेकिन दोनों ने पुलिस को कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद पुलिस ने पॉश मशीन में जब गाड़ी का नंबर डाला तो पता चला कि किसी और वाहन का नंबर लगाकर दोनों आरोपी बाइक लेकर घूम रहे थे। बाइक नंबर गलत होने की बाद जब एएसआई ने दोनों आरोपियों को बतायी तो वे दोनों बाइक छोड़कर भागने लगे। हालांकि एएसआई ने उसका पीछा किया तो आरोपियों का मोबाइल भी सड़क पर गिर गया और दोनों भागने में सफल रहे।

**15 दिन पहले हुई थी चोरी :**

चोरी की बाइक मिलने के बाद पंडरा पुलिस पिस्का मोड़ ट्रैफिक पोस्ट में पहुंची। पुलिस ने इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर बाइक के मालिक का पता लगाया। पता चला कि पलामू निवासी हासिम अंसारी की बाइक है। जब पुलिस ने हासिम अंसारी से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि उनकी बाइक 15 दिन पहले चोरी हो गई थी। इस संबंध में उन्होने सतबरवा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस पिस्कामोड़ के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा से दोनों आरोपियों का फुटेज निकालने में जुट गई है।

e–Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer
Building Construction Department,
Building Circle, Hazaribagh-825301
sebcdcirclehzb@gmail.com Ph. No.-06546-222640

**शुद्धि–पत्र**

अति अल्पकालीन e-Procurement Notice, e-Tender Reference No.- BCD/BCHZB/BOKARO /12/2023-24 (3rd Call) जिसका PR No.-299578 Building (23-24)#D है, के स्थान पर BCD/BCHZB/BOKARO/14/2023-24 (3rd Call) पढा जाय। शेष सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग,
भवन अँचल हजारीबाग

PR 299733Building(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना RDD/SD/HZB/03/2023-24, पी0आर0 संख्या 298897 Rural Development(23-24)D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 16.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 23.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 24..06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 26.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 299753 Rural Development(23-24)D

# गर्मी में पानी के लिए जीव प्राणियों की बढ़ी मुश्किलें



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

जून माह में गर्मी प्रखंड में अपनी चरम पर है और ग्रामीणों सहित पशु पक्षियों को जल के लिए काफी मशक्कत करते देखा जा रहा है। आखिर करोड़ों की राशि विभिन जल संरक्षण योजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं में खर्च करने का लाभ किस उद्देश्य से बना था। मांडर प्रखंड में डोभा तथा चेकडैम का जिस युद्ध स्तर पर निर्माण कराया गया उसी प्रकार ये गायब भी हो गया। जल संरक्षण की दृष्टि से इसे काफी अच्छा माना गया था पर आज आखिर इसकी खोज खबर लेने की किसी को फुर्सत नहीं। दर्जनों तालाब का निर्माण एवं गहरीकरण किया गया किन्तु इनमें बिना जल के मच्छली तो क्या मेंढक तक ग्रामीणों को किसी दिन नजर नहीं आया। हर साल नई नई योजनाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य किया जाता है पर अधिकतर योजनाएं सफेद हाथी के दांत बन कर रह जाते हैं।पीएचडी के द्वारा प्रखंड में बनाए गए जलमीनार निर्माण काल से ही पानी के एक बूंद के लिए तरसती रही हैं।आखिर केवल शिलान्यास और निर्माण तक ही जनप्रतिनिधियों की जिम्मेवारी बनती है क्या जो निर्माण के बाद कोई भी इनके सदुपयोग की नहीं सोच नये नये कार्य को प्राथमिकता देकर प्रदर्शनी की वस्तु बनाने में जुट जाते हैं।अभी नल जल योजना के तहत घर पर नल घर पर जल पर सभी अधिकारियों,विभाग एवं जनप्रतिनिधियों का रुझान देखते बनता है।कोई बड़े बड़े वर्षो पूर्व बने जलमिनारों,सोलर जलमिनारों चापानलों की मरम्मती कराने एवं उपयोगी बनाए जाने पर ध्यान देने की जरुरत तक महसूस नहीं करता।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– **17/RI/2023-24/RWD/CHATRA** दिनांक–10.06.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/09 | हण्टरगंज | मीरपुर | जजलो | जजलो मुखिया पथ से गहरी नदी तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0 .820 कि॰मी॰)। | 7926700.00 | उनासी लाख छब्बीस हजार सात सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.06.2023
3. ई– पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– 23.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 8084225903
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"

9- UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 299760 Rural Work Department(23-24)D

**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

निविदा संख्या – 01/2023 दिनांक – 09.06.2023

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव के कार्यालय के पत्रांक 44 (d) दिनांक 11.01.2023 के द्वारा जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री भारतीय जन–औषधि परियोजना के अन्तर्गत जन–औषधि केन्द्र खोलने के निदेश के आलोक में लोहरदगा जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन–औषधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा के माध्यम से किया जाना है।

Request of Proposal Document (RFP) के शर्तो के अनुसार जन–औषधि केन्द्र के संचालन हेतु सूयोग्य पंजीकृत एजेन्सी से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की विस्तृत जानकारी website:- http://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

| Sl. No. | Name of Work | Establishment of Pradhan Mantri Jan Aushadhi Kendra in 4 CHCs |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender in Webs ite | 12.06.2023 |
| 2 | Pre-Bid Meeting at C.S. Office | 22.06.2023 |
| 3 | Last Date and Time for receipt of Bids | 26.06.2023 |
| 4 | Bid Opening Date | 27.06.2023 |
| 5 | EMD (Refundable) in Favour of District Health Society, Lohardaga. Payble at - Lohardaga | Rs. 20000.00 (Rs. Twenty Thousand) only for Each CHC |
| 6 | Application Fee (Non Refundable) in Favour of District Health Society, Lohardaga. Payble at - Lohardaga | Rs. 5000.00 (Rs. Five Thousand) only |
| 7 | Name and Address of Officer Inviting Tender | Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Lohardaga |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 299707 Lohardaga(23-24).D

### सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रितों को मिली मुआवजे की स्वीकृति

# प्रत्येक आश्रित को मिलेगी 1-1 लाख रुपये का राशि



नवीन मेल संवाददाता। रांची विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला अंतर्गत अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदनानुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रित को 1-1 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

निम्न आश्रितों को दी जाएगी मुआवजा राशि : 1. आवेदिका-सरस्वती देवी मृतक का नाम :- उदय महतो (पति) ग्राम - हाहे थाना :- अनगड़ा, 2. आवेदिका- लक्ष्मी देवी- मृतक का नाम : तुलेश्वर महतो (पति) ग्राम : नारायण सोसो थाना अनगड़ा जिला : रांची, 3. आवेदक- धनीराम बेदिया मृतक का नाम- राजेश बेदिया(पुत्र) ग्राम- ओबर थाना- सिकिदिरी, 4. आवेदिका- राखी कुमारी मृतक का नाम- अजित कुमार महतो (पति) ग्राम- पैका टोला थाना- अनगड़ा 5. आवेदिका- मंजु ओरंग मृतक का नाम- सोनू संदीप (पति) ग्राम- सेमर टोली थाना- कांके, 6. आवेदिका- किरण देवी मृतक का नाम- मनोज कुमार महतो (पति) ग्राम- लोटा थाना- सिल्ली, 7. आवेदिका- मुनकी देवी मृतक का नाम- महिपाल बेदिया (पुत्र) ग्राम- रामपुर थाना- सिल्ली, 8. आवेदिका- ज्योति कुमारी मृतक का नाम- कृष्ण प्रजापति (पति) ग्राम- लोटा थाना- सिल्ली शामिल हैं। अंचल अधिकारी अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी,सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 100000 8 = 8,00,000/- (आठ लाख रुपए मात्र) मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृत दी गई हैं।

## झारखंड हिंदू महासभा ने अभय सिंह की रिहाई की मांग को लेकर दिया धरना

**रांची।** झारखंड हिंदू महासभा ने जमशेदपुर हिंसा प्रकरण में गिरफ्तार भाजपा नेता अभय सिंह की रिहाई की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष शनिवार को एक दिवसीय धरना दिया। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। हिंदू समाज को हमेशा दबाया जाता है। सरकार वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती है। एक समुदाय विशेष के लोग हमारी संस्थाओं और धार्मिक आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। हिंदू समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। हिंदू नेता भैरव सिंह ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली यह जो सरकार है यह हिन्दू विरोधी है। जमशेदपुर का यह मुद्दा की शुरूआत कैसे हुआ, कौन झंडा में मांस बांधा था ? यह जांच का विषय था लेकिन प्रशासन अभय सिंह को जेल में डाल देती है। जो हिंदुओं और प्रशासन पर वार करते हैं वो बेगुनाह और जो हिन्दू हित की बात करते हैं जो अपने हक की बात करते हैं वो गुनहगार हैं।

# गुरु मंत्रों के साथ अष्टम उत्तीर्ण 179 छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शनिवार को विद्यालय के वर्ग अष्टम उत्तीर्ण 179 छात्र-छात्राओं के लिये अभिनन्दन, सम्मान, बधाई और विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जीएमएस पंडरा रांची परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। उनके उच्चत्तर और बेहतर लक्ष्य आधारित शिक्षा के लिये विद्यालय के प्रिंसिपल एसएमसी अध्यक्ष सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण गुरु मंत्र दिये गये। प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह द्वारा सभी को पांच मंत्रों में अपने माता पिता का सम्मान, राष्ट्र के प्रति समर्पण, गुरुओं का आदर, समाज के प्रति दायित्व निर्वहन, पंडरा स्कूल की माटी को नमन सहित अनुशासित लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सचेष्ट रहने का संकल्प दिलाये गये। बाल संसदीय मन्त्रिपरिषद, सदन नेतृत्व मंडल और एसटीएफ के संयुक्त समन्वयन में आयोजित कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रबंधन व माता समिति की सदस्याओं सहित प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने महती भूमिका निभायी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हजारों बच्चे और सैंकड़ों अभिभावक कार्यक्रम के साक्षी बने।

## बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पालकोट प्रखंड के कुल्लुकेरा पंचायत के सारूबेड़ा में नव निर्मित संत जोसेफ रोमन कैथोलिक चर्च सारूबेड़ा का शनिवार को उद्घाटन किया गया। मौके पर पवित्र मिस्सा पूजा करौंदाबेड़ा के डीन फादर मोजेस खलखो, फादर लॉरेंस टोप्पो,फादर सुशील कुमार मिंज, फादर प्रकाश टेटे , फादर एडमोन बड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके बाद चर्च का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर किया। उन्होंने चर्च के निर्माण में प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और ईश्वर की कृपा से आज यहां चर्च बनकर तैयार हुआ है। अब ईश्वर के इस पवित्र घर मे लोग प्रतिदिन प्रार्थना करने आएंगे। लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी। उन्हें परम-शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु येसु यहां के लोगों को कृपादानों से भर दें। विधायक ने लोगों को एक दूसरे में प्यार बांटने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन मे कभी अमीरी गरीबी का भेदभाव न करें।

### बीएयू ने किया उत्पादक संगठन (एफपीओ) कार्यालय का उद्घाटन

# किसानों को दिया स्प्रेयर मशीन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची एवं राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (एनआरआरआई), कटक द्वारा समर्थित 4एस4आर फार्मर प्रोडूसर कंपनी लि. मांडर नामक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के कार्यालय का उद्घाटन मांडर प्रखंड स्थित कनजिया गांव में किया गया। कार्यालय का विधिवत उद्घाटन बीएयू डीएसडब्लू डॉ. बीके अग्रवाल एवं सीडेक, कोलकाता के सह निदेशक रितेश मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीएयू वैज्ञानिक-गण सहित कृषि से जुड़े हितकरक, स्थानीय प्रतिनिधि एवं भारी संख्या में किसान सदस्य शामिल हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. बीके अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में बीएयू एवं एनआरआरआई




समर्थित पांच एफपीओ के प्रत्यक्ष गठन से गांवों में किसानों को अद्यतन तकनीकी आसानी से उपलब्ध होगी, साथ ही कृषि प्रसार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ किसानों के बीच प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और उभरते बाजार के अवसरों का लाभ दिलाने में सहायक होगी। किसानों को सस्ते दर पर बीज, उर्वरक और मशीनरी की आपूर्ति सुलभ होगी, कृषि बाजार से सीधा जुड़ाव होगा, आधुनिक कृषि तकनीकी पर प्रशिक्षण, वित्तीय और तकनीकी सलाह भी हासिल होगी। इसका सीधा लाभ बहुतायत छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। विशिष्ट अतिथि रितेश मुखर्जी ने कहा कि कृषि अनुसंधान द्वारा विकसित तकनीकी को उपयोगकर्त्ता किसानों तक हस्तांतरण वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। सेंटर ऑफ एग्री बिजनस मैनेजमेंट के निदेशक डॉ निभा बाड़ा ने कहा कि प्रदेश के किसानों के सशक्तिकरण में एफपीओ की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को कृषि उपज का सही लाभ मिलने से किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मुलार्प परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना के अधीन आदिवासी किसान सदस्यों को नैपसैक स्प्रेयर मशीन एवं सीड बीन का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अन्वेंषक (मुलार्प) डॉ सीएस महतो ने कहा कि एफपीओ के गठन से बीएयू वैज्ञानिकों को किसानों के बीच उपादानों के वितरण एवं कृषि प्रसार गतिविधियों के संचालन में आसानी होगी।

## 66वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहलवानों ने जीते दो पदक




**रांची।** 06 से 12 जून -2023 दिल्ली में आयोजित 66वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में कुश्ती प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड के पहलवानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया-जिसमें, रिंपा कुमारी बालिकाओं के 50 केजी भार वर्ग में रजत पदक एवं रिया कुमारी 53 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक झारखंड को दिलाया एवं इस कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने कुल तीन पदक जीते। 1-रिंपा कुमारी-रजत पदक, 2-रिया कुमारी-कांस्य पदक 2-अंजीत कुमार मुंडा-कांस्य पदक हासिल किया। झारखंड के पहलवानो को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर,शिक्षा सचिव झारखण्ड एवं हम सभी के अभिभावक, श्री के रवि कुमार, (आईएएस), भोला नाथ सिंह, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जिशन कमर सर, महासचिव-रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष-बबलू कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी जेईपीसी धीरसेन ए सोरेंग, विजय शंकर सिंह,सीनियर प्लेयर सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजीव रंजन, मधु तिर्की ने एवं खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी।

## सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुम्बई में मचा रही हैं धमाल



**रांची।** कहते हैं कि हौसलों को कर बुलंद तो उड़ान को पंख जरूर मिलती है। यह पंक्ति को सच कर दिखाया सूबे के गिरिडीह जिले से लगभग 85 किलोमीटर दूरी पर स्थित गावां प्रखंड की रहने वाली नाजिया चाहत ने। मध्यवर्गीय परिवार से आने वाली नाजिया जिस गांव में बेटियों को कम उम्र में शादी करके उसे अपने हाथों में जिम्मेदारियों का बोझ देकर ससुराल विदा कर दिया जाता है उस वर्ग से नाजिया चाहत ने अपने सपनों के लिए सबसे लड़ी और आज वे मुंबई जैसे मायानगरी शहर में रहकर अपने और झारखंड के लिए एक अलग पहचान बनाई है। मुंबई में नाजिया टी- सीरीज विंग्स म्यूजिक कंपनी एंड वन फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन जैसे कंपनियों से गाना गा चुकी हैं। साथ ही उनके और भी प्रोजेक्ट हैं जो बहुत जल्द सुनने को मिलेगा, अपनी मेहनत और लगन से आज डिजिटल युग में इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों फॉलोवर्स हैं। नाजिया हाल में ही हिंदी ओनर्स में मास्टर डिग्री की शिक्षा रांची यूनिवर्सिटी से पूरी की है, नाजिया बताती हैं मेरी जर्नी बहुत ही कष्टों से भरी रही है, फिर भी कभी हार ना मान कर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की हौसला रखती हूं, अपने गांव में मैं शिक्षिका की भूमिका को भी निभा चुकी हूं। नाजिया कहती हैं शुरूआत के दिनों में लोग मुझे मदद करना नहीं चाहते थे। धीरे-धीरे मेरे मेहनत को लोगों ने देखा उसके बाद मुझे लोग मदद करने लगे।

## संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

**अनगड़ा।** भाजपा सिकिदिरी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को बक्सीडीह महतो लाइन होटल में मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 14 जून को सरला बिरला परिसर महिलौंग में होनेवाने संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय हुआ कि संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में सभी मंच और मोर्चा के पदाधिकारी शामिल होंगे। मंच को मजबूत करने के लिए की गयी है। बैठक में संयोजक कामेश्वर सिंह, बुधराम बेदिया, नंदलाल राम, रघुनाथ मुंडा, मनमोहन भोगता, धनेश्वर बेदिया, बलराम साहू, मनोज साह, जयनंदन सिंह, शिवधर रजवार और शमशाद खान आदि मौजूद थे।

### श्री श्याम भंडारे का किया गया भव्य आयोजन

# खाटू नरेश की जयकारों से गूंज रहा था मंदिर परिसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्री श्याम मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडार में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भाव विभोर हो गये। भंडारा पाने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी थी। अवसर था 66 वें श्री श्याम भंडारे का। यजमानश्री परिवार के श्रवण तोदी सविता तोदी विशांत तोदि व स्नेहा तोदी ने परिवार के साथ मंदिर में विराजमान खाटू नरेश शिव परिवार हनुमान जी महाराज लड्डू गोपाल शालिग्राम व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में यजमानश्री तोदी परिवार ने भोग भजनों का गायन




कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भोग लगे प्रसाद को तोदी परिवार ने विशाल भंडारे के प्रसाद में मिश्रित कर महाप्रसाद बनाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों का चंदन करके भंडारे का प्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में मंदिर में ही प्रसाद के रूप में केसरिया जलेबी गट्टा पुलाव अजवाइन पूरी आलू चना लौकी मिश्र सब्जी शीतल गुलाब शरबत बनाया गया था। टॉफी अलग से भक्तों को दी जा रही थी। श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच भंडारे का वितरण तोदी परिवार ने प्रारंभ किया। खाटू नरेश की जयकारों से हरमू रोड गूंज रह। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण तोदी, सविता तोदी, विशांत तोदी, स्नेहा तोदी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, अरुण बुधिया अनुज मोदी आशीष डालमिया सुरेश जैन रमा सराओगी मनोज खेतावत मनीष वर्मा उपेंद्र पांडे झूलन मुंडा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

## सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट एकेडमी खोलने की घोषणा की

**रांची।** रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट कैप का 10 दिवसीय आयोजन किया। शनिवार को इस कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में सांसद ने कहा क्रिकेट कैंप का मुख्य उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों के उत्साह को देखते हुए नमो एकेडमी क्रिकेट कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। सांसद सेठ ने कहा कि इस एकेडमी में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला और राज्य स्तर पर खेलने के लिए बच्चों को तैयार किया जाएगा।

### पुरस्कार | चिन्मय मिशन के दिवसीय बाल विहार शिविर का हुआ समापन

# बच्चों ने शिविर में अपने व्यक्तित्व को निखारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने काफी लाभ उठाये। मंत्रों के उच्चारण, योगाभ्यास, कथा, कविता, नृत्य, कला के माध्यम से बच्चों ने इस देश की महान सनातन संस्कृति को जाना। उपरोक्त गतिविधियों में प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं पूरे शिविर में इनके व्यवहार के आधार पर इन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। शिविर के संचालन में प्रशिक्षक व मार्गदर्शक के रूप में दोनों दिन निम्नलिखित संयोजिकाएं उपस्थित थीं। मंगला बागला, रम्या, अनुप्रिया सरायका, नेहा मोदी, अल्का सरायका, कनक शर्मा, पूजा बगड़िया। निम्नलिखित स्वयंसेविकाएं भी दोनों दिन उपस्थित थीं - विमला टोरका, करूणा बागला, ललिता नारसरिया, स्वाती अग्रवाल, शिल्पा केजरीवाल। पूज्य स्वामी जी का सत्संग, विजय सरायका



का योग प्रशिक्षण एवं श्री जीवी एसआर प्रसाद के थीम को बच्चों द्वारा बहुत पसंद किया गया। श्याम टोरका, संजय सुल्तानिया, ओम प्रकाश, जीपी त्रिवेदी, राजीव रंजन, बसंत शर्मा, अशोक मंगल, राजेश कौशिक, वेद प्रकाश बागला, राजेश अग्रवाल, सुरेश खेमका सुश्री मुक्ति प्रकाश की सेवा को संयोजिकाओं द्वारा सराहा गया। विशेष रूप से वी एम धामोरिकर, आर के चौधरी, मुकुन्द गाड़ोदिया आदि उपस्थित थे। जेरी लैंड के जेरी ने शिविर में आकर प्रतिभागियों को बहुत आनन्दित किया। बच्चों ने अपने अनुभव सुनाएं एवं ऐसे शिविर को पुनः शीघ्र ही करने की मांग की।

## खलारी में पिस्टल के बल पर स्टेशन मास्टर से लूटपाट

**मैकलुस्कीगंज।** खलारी के स्टेशन मास्टर जीतेन्द्र कुमार से पिस्टल के बल पर तीन अपराधियों ने बाइक, मोबाइल और पर्स लूटकर बीजूपाड़ा की ओर भाग गए। घटना शुक्रवार की रात 12 बजे की है। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र की हुटाप बस्ती के पास मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क पर जैसे स्टेशन मास्टर पहुंचे वहां पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद एक अपराधी ने पिस्टल की बट से जीतेन्द्र के सिर पर मारकर घायल कर दिया। वे मैकलुस्कीगंज स्थित अपने क्वार्टर से बाइक से खलारी स्टेशन आ रहे थे। घटना के बाद जीतेन्द्र पैदल ही खलारी रेलवे स्टेशन पहुंचे और स्टेशन अधीक्षक जे सोरेन और यातायात निरीक्षक उमेश कुमार को जानकारी दी। सूचना मिलने पर खलारी और मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना के बाद स्टेशन मास्टर जीतेन्द्र कुमार को अवकाश देकर उनके पैतृक घर जहानाबाद भेज दिया गया है। इस मामले में मैकलुस्कीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# सरला बिरला स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 'माध्यमिक विज्ञान' विषय पर सीबीएसई द्वारा दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन श्रीमती सोनी श्रीवास्तव और श्रीमती इंदु प्रसाद थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या परमजीत कौर व दोनों रिसोर्स पर्सन ने किया। झारखंड और बिहार के विभिन्न विद्यालयों के 67 शिक्षक प्रशिक्षुओं ने सत्र में बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्हें ब्लूम टैक्सोनॉमी पर जोर देने के साथ विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। शिक्षण सीखने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए उन्हें अनुभवात्मक शिक्षा, एआईएल और अन्य तकनीकों को विकसित करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की और शिक्षक समुदाय को शिक्षण और सीखने के तरीकों में प्रगति के साथ खुद को हमेशा अद्यतन रखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या, परमजीत कौर ने उन्हें नए बदलावों के लिए तैयार करने के लिए खुद को सभी शैक्षणिक कौशलों से अवगत रखने की आवश्यकता याद दिलाई, जिसे उन्हें एनईपी के लागू होने के साथ ही अपनाना होगा।

# छात्र संगठनों का बंद बेअसर

# खुले रहे बाजार, चलता रहा कारोबार, दौड़ते रहे वाहन



## शिक्षण संस्थानों को छोड़ छात्र संगठनों का बंद बेअसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** स्थानीय नियोजन नीति लागू करने और 60-40 नाय चलतो के नारा के साथ छात्र संगठनों की ओर से बुलाया गया दो दिवसीय झारखंड बंद का पहला दिन हजारीबाग में बेअसर रहा। बंद के समर्थन में शनिवार को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों को छोड़ दूसरे दिनों की तरह बाजार खुले रहे। सड़कों पर लंबी दूरियों के वाह और छोटे वाहन भी चलते रहे। छात्र संगठनों ने हजारीबाग मेन रोड, गुरु गोविंद सिंह रोड, डिस्ट्रिक्ट चौक आदि पर कुछ देर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राइवेट शिक्षा संस्थानों के शटर गिरे रहे। इधर बंद के मद्देनजर पुलिस सतर्क रही। एनएच और जीटी रोड पर बरही-चौपारण में भी वाहन चलते रहे।




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के आह्वान पर दो दिवसीय झारखंड बंद के पहले दिन 10 जून को धनबाद में आंशिक असर देखा गया। श्रमिक चौक स्थित गया पुल के पास आंदोलनकारियों ने सड़क जाम कर नारेबाजी की. सुबह से दर्जनों छात्र पोस्टर-बैनर लेकर सड़क पर बैठ गए, जिससे धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय दल बल के साथ गया पुल पंहुचे और काफी मशक्कत के बाद छात्रों को हटाया। इसके बाद आवागमन चालू हुआ। थोड़ी देर बाद कुछ दूरी पर प्रदर्शन कर रहे लोगों को भी हटाया गया। अगुवाई कर रहे कुश महतो को पुलिस गिरफ्तार कर धनबाद थाना ले गई। वहीं दूसरी ओर गोविंदपुर से लेकर स्टील गेट, हीरापुर, रणधीर वर्मा, सिटी सेंटर, स्टेशन रोड आदि जगहों पर सभी दुकानें खुली रहीं। बंद का कारोबार पर कोई असर नही देखा गया। वहीं दूसरी ओर बलियापुर के करमाटांड में भी लगभग दो घंटे सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया। छात्र नेता अजीत कुमार महतो ने कहा कि छात्र अपने अधिकार और रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मौके पर टुनटुन महतो, रंजीत कुर्मी, रिजवान अख्तर, पंकज कुमार महतो, संतोष महतो, प्रेम, रंजीत कुमार, मनोज, हरि गोविंद, हरीश महतो, शंकर महतो, राम महतो, उपेंद्र कुमार, मनोज महतो, राजकिशोर महतो, पप्पू महतो, संतोष कुमार, विनेश महतो, सौरभ कुमार, दुलाल कुमार आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर झारखंड बंद को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन व जेबीकेएसएस, सिंदरी के समर्थक लाठी-डंडे के साथ सड़क पर उतरे व शहरपुरा में दुकानों के साथ ठेले व खोमचे वाले आदि को बंद कराया। टेम्पो व टोटो को भी वापस लौट जाने की हिदायत दी। सभी से 48 घंटे बंद रखने का आग्रह भी किया। स्थानीय पुलिस की गाड़ियां भी घूमती रहीं और बंद समर्थक हाथों में लाठी-डंडे लिए दुकानों व प्रतिष्ठानों को बंद कराते रहे। कई दुकानदारों ने कहा कि प्रशासन भी चुप्पी साधे सबकुछ देख रहा है। वहीं दूसरी ओर बाघमारा प्रखंड के कतरास-धनबाद 8 लेन रोड पर तेतुलमारी शक्ति चौक को आंदोलनकारियों ने घंटों जाम रखा। टायर जलाकर विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं दूसरी ओर झारखंड बंद का तोपचांची में मिलाजुला असर देखने को मिला. तोपचांची बाजार मे कुछ दुकानें खुली तो कुछ बंद भी रहीं। प्रशासन चौक चौराहों पर अलर्ट रहा। हालांकि बाजार में कम रौनक दिखाई पड़ी। वहीं दूसरी ओर पुटकी में झारखंड बंद के मद्देनजर पुटकी मोड़ को प्रदर्शनकारियों ने जाम कर दिया गया और नारेबाजी की गई। मौके पर यूनियन के अनिल महतो, विशाल महतो, नवल किशोर महतो, सूरज महतो, अविनाश महतो, सागर महतो, संजू महतो, प्रिंस महतो, अजय महतो, करण महतो, विष्णु महतो, विकास महतो, बजरंग महतो, शेखर महतो, सुरबल महतो, सुनील महतो आदि मौजूद थे।

## कोडरमा में नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का खुलासा, छह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर थाना अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन के समीप नकली अंग्रेजी शराब बनाकर और झारखंड उत्पाद का नकली लेवल लगाकर बेचने के मामले का भंडाफोड़ किया गया है। यहां नकली शराब फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाने का काम होता था। इस बाबत जयनगर में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने अभियुक्त पंकज कुमार यादव ( ग्राम डूमरडीहा थाना जयनगर), बिपिन कुमार (ग्राम कुमरहुवा थाना रजौली, जिला नवादा), पवन कुमार यादव (ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), पवन पासवान ( ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), संदीप यादव (ग्राम बदडीहा, थाना कोडरमा) और महेश यादव ( ग्राम बदडीहा, थाना



कोडरमा) को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशनुसार मंडल कारा कोडरमा में भेज दिया है। छापेमारी स्थल से नकली शराब बनाने की सामग्री बोतल स्टीकर, स्प्रिट, ड्रम बरामद किया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्ति मकान मालिक पंकज कुमार यादव और विपिन कुमार से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्य में हम दोनों के अलावा भोली यादव, पवन कुमार यादव, पवन कुमार पासवान, संदीप यादव, महेश यादव, रवि पंडित, सुभाष कुमार पंडित, मंटू कुमार भी शामिल हैं। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया उपरोक्त लोगों के द्वारा बांझेडीह फोर लाइन पंकज कुमार यादव के नए मकान में बड़े पैमाने पर अवैध अंग्रेजी शराब बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार अवैध रूप से स्प्रिट एवं केमिकल मिलाकर नकली शराब तैयार कर बोतल बंद कर उस पर नकली ब्रांड का लेबल तथा झारखंड उत्पाद का नकली स्टिकर लगाकर अवैध नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण एवं बिक्री करना संज्ञेय अपराध है।

## बालू लदे चार ट्रैक्टर सहित दो गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बराकर नदी से अवैध बालू उठाव पर जिला प्रशासन व वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 10 जून को जिला खनन पदाधिकारी सतीश नायक, एसडीपीओ अनिल सिंह, रेंजर एसके रवि, जिला खनन निरीक्षण अभिजीत मजूमदार और पीरटांड थाना प्रभारी डिल्शन विरुआ ने छापेमारी कर बराकर नदी से अवैध बालू का उत्खनन कर ले जा रहे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया है। जब्त चारों ट्रैक्टरों को पीरटांड़ थाना लाया गया है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार ट्रैक्टर ड्राइवर उमेश साव, पिता अरनु साव घाटाडीह पीरटांड़ थाना व अफजल अंसारी, पिता मुख्तार अंसारी जमदाहा खुखरा के रहने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रैक्टर मालिक पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। बताया जाता है कि संयुक्त छापेमारी में मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भी कई ट्रैक्टर पकड़े गए हैं।

## झारखंड की सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुंबई में मचा रही हैं धमाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुम्बई में धमाल मचा रही हैं। नाजिया चाहत गिरिडीह जिले से लगभग 85 किलोमीटर दूरी पर स्थित गावां प्रखंड की रहने वाली हैं। मध्यवर्गीय परिवार से आने वाली नाजिया अपने सपनों के लिए सबसे लड़ी और आज मुंबई जैसी मायानगरी शहर में रहकर अपने और झारखंड के लिए एक अलग पहचान बनाई है। मुंबई में नाजिया टी-सीरीज विंग्स म्यूजिक कंपनी एंड वन फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन जैसे कंपनियों से गाना गा चुकी हैं। साथ ही उनके और भी प्रोजेक्ट हैं जो बहुत जल्द सुनने को मिलेगा, अपनी मेहनत और लगन से आज डिजिटल युग में इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों फॉलोवर्स हैं। नाजिया हाल में ही हिंदी ओनर्स में मास्टर डिग्री



की शिक्षा रांची यूनिवर्सिटी से पूरी की है। नाजिया बताती हैं मेरी जर्नी बहुत ही कष्टों से भरी रही है, फिर भी कभी हार ना मान कर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की हौसला रखती हूं। अपने गांव में मैं शिक्षिका की भूमिका को भी निभा चुकी हूं। नाजिया कहती हैं कि शुरूआत के दिनों में लोग मेरी मदद करना नहीं चाहते थे। धीरे-धीरे मेरे मेहनत को लोगों ने देखा उसके बाद मुझे लोग मदद करने लगे।

## वसुंधरा राजे का गिरिडीह आगमन 14 जून को

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर झारखंड की चार लोकसभा सीटों की प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री बसुंधरा राजे 14 जून को दो दिवसीय दौर पर गिरिडीह आएंगी। वे पार्टी कार्यक्रमों में भाग लेगी। जिला महामंत्री संदीप डगैंच ने शनिवार को बताया कि 14 जून को गाण्डेय विधानसभा और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में विशिष्ट जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेगी। 15 जून को बगोदर में आयोजित पार्टी की रैली को संबोधित करेंगी और डुमरी विधानसभा में विशिष्टजनों से मुलाकात कर संवाद करेंगी।

## लापता युवक का ओडिशा में मिला शव

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के महुआटांड निवासी 37 वर्षीय अरूण केवट का शव 10 जून को ओडिशा के बालनगिरि में मिला। बता दें कि अरुण केवट 05 जून को काम की तलाश में विशाखापट्टनम गया था लेकिन मन लायक काम नहीं मिलने पर वह 08 जून को ट्रेन से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह बालनगिरि स्टेशन से लापता हो गया। उसके साथ लौट रहे साथियों ने इसकी सूचना उसके घर वालों को दी। युवक के लापता होने की जानकारी मिलते ही घर वाले परेशान हो गए। परिजन उसकी तलाश में ओडिशा चले गए। बालनगिरि रेलवे पुलिस से मिलने पर उसके निधन की जानकारी मिली। बताया जाता है कि ब्रेन हैमरेज से उसकी मौत हुई है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाकर सुरक्षित रखा है। परिजन शव को लाने की तैयारी में जुटे हैं।

## जमीन पर कब्जा के खिलाफ आंदोलन जारी

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर भूमि बचाव व आरक्षित जमीन वापस करो आंदोलन 10 जून को भी जारी रहा। आन्दोलनकारियों ने कहा कि गिरिडीह जिले में गरीबों को सरकार की ओर से जो अनुदान में जमीन मिली थी, उस पर जमीन माफिया कब्जा कर रहें हैं। इसके विरोध व पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तिसरी सीओ को शनिवार को ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांग की गई है। आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल कुमार रावण ने कहा कि अगर पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो भीम आर्मी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी. मौके पर संजय दास, रोशन कुमार रावण, विजय दास, प्रकाश दास, किशुन दास, पिंटू दास, शिबू दास, रोहित कुमार, बंटू कुमार, मितन रविदास, सुभाष रविदास, टेकन दास आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह में दो बाल मजदूरों का किया रेसक्यू

**गिरिडीह।** जिले को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने को लेकर मिठाई दुकानों ढाबो ,लाइन होटलों सहित जेनरल स्टोरों में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि धावा दल का गठन कर श्रम अधिक्षक कार्यालय एवं बाल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिले भर में आगामी 30 जून तक छापामारी अभियान चलाया जायेगा। इस बाबत श्रमायुक्त रवि शंकर ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में धावा दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों इत्यादि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मुफसिल थाना क्षेत्र एवं गिरिडीह शहरी क्षेत्र में कान्हा स्वीट्स, एंड नमकीन नामक होटल से एक बच्चे को रेस्क्यू कर मुक्त कराया गया। बच्चा ग्लास, कप, प्लेट धोने व साफ सफाई के काम में लगा हुआ था। उन्होंने कहा कि धावा दल ने एक अन्य परिवार के घर में छापा मारा। परिवार के लोग पिछले सात साल से एक नाबालिक किशोरी को अपने घर में रखकर घर का काम काज करवा रहे थे। नाबालिक की मां के अनुसार कई बार बच्ची को मुक्त कराकर अपने घर ले जाने का प्रयास हुआ था लेकिन घर वाले उसे घर जाने को नहीं दे रहे थे।

## इस माह भी लाभुकों को नहीं मिला राशन, परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करनेवाले परिवारों के लिए चलाई जा रही ग्रीन राशन कार्ड योजना पेचीदगी बढ़ती ही जा रही है। पिछले 10 माह के लंबे इंतजार के बाद इस माह जिले के 1 लाख 22 हजार लाभुकों को अनाज मिलने की उम्मीद जगी थी। परंतु उस उम्मीद पर पानी फिर गया है। अभी तक जिले में अनाज वितरण का काम शुरू नहीं हुआ है। अनाज नहीं मिलने से लाभुकों के बीच निराशा छाई हुई है। राज्य सरकार ने समय पर जिले में राशन भी उपलब्ध करा दिया। परंतु सरकारी राशन की दुकानों में अनाज नहीं मिल रहा है। दुकानदारों का कहना है की पॉश लाभुक का कार्ड नंबर डालने पर उसका कोई डिटेल ही नहीं आ रहा है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वजन मशीन से भी पॉश मशीन को कनेक्ट करना है। यह काम जब तक पूरा नहीं होगा। राशन का वितरण शुरू नहीं कर सकते है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी पीडीएस दुकानों में राशन उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से अनाज का वितरण शुरू नहीं हो पाया है। उसे ठीक होने में 5, 6 दिन लगेंगे. इसके बाद अनाज का वितरण शुरू हो जाएगा।

## कनेक्शन देने में देरी होने पर बिजली कर्मी को बेड़ियों से जकड़ा

**धनबाद।** हीरापुर हटिया मोड़ के पास 10 जून शनिवार को बिजली कनेक्शन में देरी होने पर एक युवक ने कथित बिजली कर्मी को बेड़ियों में जकड़ दिया। लगभग डेढ़ घंटे के बाद सदर थाना की पुलिस पहुंची और उसे बेड़ियों से आजाद कराया। पुलिस दोनों को थाना ले गई। बता दें कि हीरापुर के व्यवसायी आदर्श गुप्ता ने कथित बिजली कर्मी ओम प्रकाश को कनेक्शन के लिए विगत फरवरी माह में 15 हजार रुपये दिये थे। लंबे समय तक बिजली कनेक्शन नहीं मिलने व फोन करने पर सही जवाब नहीं देने के बाद आदर्श गुस्से में था। 10 जून शनिवार को वह बिजली कर्मी के मिला और उसे बेड़ियों में जकड़ कर चाउमिन के ठेले में बांध दिया।

## 277 मजदूर जमसं में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया के बस्ताकोला स्थित विक्ट्री कोलियरी काली स्थान प्रांगण में शनिवार 10 जून को जनता श्रमिक संघ ने स्वागत सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह मौजूद थी। मजदूरों ने उन्हें माला पहना कर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेंशन परिवार मजदूरों के हर सुख-दुख में तत्परता के साथ खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। मजदूरों के हित में किसी भी परिस्थिति का पूर्व विधायक संजीव सिंह ने सदैव डट



कर सामना किया है। उनके उद्देश्य को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यही कारण है कि जनता श्रमिक संघ में लगातार मजदूरों का जुटान हो रहा है। विक्ट्री कोलियरी के मजदूरों की समस्या के निदान के लिए बीसीसीएल के सीएमडी से बातचीत की जाएगी। इस अवसर पर जनता श्रमिक संघ में 277 मजदूर शामिल हुए। समरोह की अध्यक्षता अनिल नोनिया ने की। अभिषेक सिंह की भी अहम भूमिका रही। मंच संचालन राजेश कुमार पांडेय ने व धन्यवाद ज्ञापन धर्मेन्द्र सिंह ने किया। अनिल नोनिया ने कहा कि मजदूरों में जनता श्रमिक संघ के प्रति विश्वास और समर्पण बढ़ा है।

## मचा हाहाकार | धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित

# जल संकट झेल रहे लोगों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** इस भीषण गर्मी में धनबाद वासी एक साथ दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ लोग जहां सूरज की प्रचंड ताप को झेलने में परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर पानी न मिलने से लोग भारी संकटों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या से जूझ रहे लोगों ने शनिवार को धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है।धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित गोधर मोड़ के समीप धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को स्थानीय लोगों ने शनिवार को सुबह करीब आठ बजे पूरी तरह से जाम कर दिया। सैकड़ो



की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे हाथों में पानी का बर्तन लेकर सड़क के बीचों बीच खड़े हो गए और जिला प्रशासन से पानी का मांग करने लगे। कुछ घंटों बाद सड़क पर धरना दे रहे लोगों का समर्थन करते हुए स्थानीय भाजपा विधायक राज सिन्हा भी इस धरना प्रदर्शन में शामिल हो गए। सड़क पर धरना दे रहे स्थानीय राजेश गुप्ता ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पिछले 10 दिनों से उन लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इससे परेशान होकर आज इलाके के तमाम महिला और पुरुष पानी की मांग को लेकर मजबूरन सड़क पर उतरे है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वो आगे आत्मदाह तक करने को विवश होंगे। उल्लेखनीय है कि माइनिंग एरिया होने की वजह से यहां चापा नल और कुएं की व्यवस्था नहीं है। इलाके में जो दो-चार तालाब थे वे वह भी इस भीषण गर्मी में सूख चुके हैं। इस इलाके में वर्षों से माडा पानी सप्लाई करती है लेकिन वह भी इस भीषण गर्मी में लोगों की पानी की जरूरत को पूरा कर पाने में असमर्थ दिख रही है।

### तीन किलोमीटर दूर चुआं से पानी लाती हैं महिलाएं

# भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे वनडीहवा गांव के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड के कंजकिरो पंचायत अंतर्गत वनडीहवा आदिवासी बहुल गांव है। इस गांव में पानी की घोर किल्लत है। भीषण गर्मी में पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। कहने को तो गांव में दो चापानल है, लेकिन उससे एक बाल्टी भी नहीं निकलता। पानी की किल्लत दूर करने के लिए गांव में सीसीएल के सीएसआर फंड से चार पानी टंकी लगाया गया था, लेकिन बोरिंग का पानी भरते समय चारों फट गया। आलम यह है कि आदिवासी महिलाएं 3 किलोमीटर दूर चुआं से पानी लाती हैं। पूरे गांव की तीन सौ आबादी है. ग्रामीणों ने अपना दुख-दर्द साझा करते हुए बताया कि राज्य का कमान आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन के हाथ में होने के बावजूद हमलोगों की सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ग्रामीण मोतीलाल



बेसरा ने बताया कि गांव के दोनों चापानलों से थोड़ा-थोड़ा पानी निकलता है। वनडीहवा के ग्रामीणों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से पानी संकट दूर कराने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते-लगाते थक चुका हूं। वे लोग समस्या सुनने को तैयार नहीं।

### राज्य सरकार के नियोजन नीति के विरोध में

# सड़क पर उतरे छात्र, झारखंड बंद का मिलाजुला असर



### रांची-पटना फोरलेन मार्ग एवं रामगढ़-बोकारो एनएच 23 को बंद समर्थकों ने किया जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार की नियोजन नीति को लेकर छात्रों में आक्रोश है। राज्य सरकार की नियोजन नीति के विरोध में छात्रों द्वारा राज्य में दो दिवसीय बंद आयोजित की गई है। बंद के प्रथम दिन 10 जून को रामगढ़ जिले में इसका व्यापक असर दिखा। बंद समर्थक छात्र बड़ी संख्या में सुबह से ही सड़क पर निकल गए। बंद समर्थक छात्रों ने टायरमोड़ के निकट टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। वहीं, कोठार ओवर ब्रिज में रांची-पटना फोरलेन मार्ग को बंद समर्थकों ने जाम कर दिया। बंद समर्थक छात्रों ने कोठार ओवरब्रिज में रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच-23 को भी घंटो जाम रखा। इस कारण रांची-पटना फ ोरलेन मार्ग एवं रामगढ़-बोकारो एनएच 23 घंटो जाम रहा। इससे दोनो मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर, गोला के डीवीसी चौक को भी बंद समर्थक छात्रों ने जाम कर दिया। बंद के कारण दैनिक कार्यों के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बंद समर्थकों छात्रों द्वारा राज्य सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की गई। बंद समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए कहा 60/40 नाय चलतो। कहा की हम राज्य सरकार से स्थानीय नीति में सुधार की मांग करते हैं। कहा की नियोजन नीति ऐसी बने जिसमें नियोजन में राज्य के युवाओं और युवतियों को प्राथमिकता मिले। बंद समर्थकों ने कहा की अन्य राज्यों में 90/10 की नियोजन नीति बनाई गई है। जबकि झारखंड में 60/40 की नीति बनाई गई है।

## बरही में झारखंड बंद का पहला दिन बेअसर, खुले रहे बाजार, वाहन भी चले

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्थानीय नियोजन नीति लागू करने और 60-40 नाय चलतो के नारा के साथ छात्र संगठनों द्वारा बुलाया गया दो दिवसीय झारखंड बंद का पहला दिन बरही में पूरी तरह फ्लॉप रहा । हमेशा की तरह दुकान खुले रहे, सड़को पर लंबी दुरियो के वाहनों को भी चलते देखा गया । छोटी गाड़ियां भी हमेशा की तरह चलते नजर आए । प्रतिदिन की भांति बाजार में चहल कदमी देखी गई । कुल मिलाकर बंद का असर नगण्य देखा गया । किसी भी संगठनों या समर्थको का बंद के समर्थन में कोई जुलूस या प्रदर्शन नही देखा गया । हालांकि बंद के मद्दे नजर पुलिस सतर्क रही ।



## सरकारी भूमि पर बना चबूतरा-डीप बोरिंग को हथियाने में जुटे हैं अतिक्रमणकारी







**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** सरकार जहां हर घर जल उपलब्ध कराने में जुटी है वहीं कुछ लोग निकल रहे जल को बंद करने में लगे हुए हैं। यह माजरा बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला की है। लोगों के मुताबिक मौजा कोनहरा कला के खाता संख्या 88, प्लॉट संख्या 2979 रकवा 9 एकड़ के लगभग जो आम गैरमजरुवा भुमि है। जिसपर सरकारी योजनाओं के तहत डीप बोरिंग और चबुतरा का निर्माण किया गया था। लेकिन वहीं अतिक्रमणकारियों के कारण डीप बोरिंग और चबुतरा का निशान मिटने के कगार पर है। आलम यह है कि सरकारी भूमि को लुटने के चक्कर में हल्की बारिश में रोड तलाब में तब्दील हो जाता है और लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### क्या कहते हैं मुखिया

मुखिया अब्बास अंसारी के मुताबिक बरसात से पहले अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होगी। कहा कि स्कूल रास्ते में किये गये अतिक्रमण समेत सभी समस्यायों से पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। वहीं पूर्व मुखिया मुंशी पासवान ने बताया कि पदाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई पहल नहीं किया गया जिसके कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जो आने वाले समय के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

### बालू घाटों के लिए लागू हो गया लागू एनजीटी एक्ट, पकड़े गए तो जेल

**बरही । नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) एक्ट के तहत प्रत्येक वर्ष 10 जून से 15 अक्तूबर तक बालू घाटों से बालू के उठाव पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है । उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला खनन पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी और पदाधिकारियों को इसके पालन हेतु निर्देश जारी किया है । इस अवधि में यदि बालू परिवहन करते या घाटों से उठाव करते देखे जाने पर विधिसम्मत कारवाई की जायेगी । साथ ही वाहन जब्त करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा। विदित हो कि वनों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर 2010 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की स्थापना की गई थी । जिसके तहत प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों को सुनने एवं उसपर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना की गई । इसी के तहत प्रतिवर्ष इस अवधि के लिए यह आदेश जारी किए जाते है । संबंधित मामले में छोटू नमक एक ट्रैक्टर चालक ने बताया कि एनजीटी से कोई फर्क नहीं पड़ता है । बालू निकासी तो पहले से ही बंद था । परंतु हर दिन विभिन्न बालू घाटों से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का उठाव हो रहा है । पहले तीन से चार सौ रुपए बालू बिकते थे आज तीन से चार हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर हो गए है।

### रामगढ़ डीसी ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

## बालू पर एनजीटी के आदेश का सख्ती से कराएं अनुपालन : डीसी

**10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर रोक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ । इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देश के आलोक में 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है। इस संबंध में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य अधिकारियों को सख्ती से इसका अनुपालन रामगढ़ जिले में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक की अवधि में केवल आधिकारिक स्टॉकिस्ट द्वारा ही बालू का विक्रय किया जा सकेगा। इस दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्टॉकिस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण कर उनके स्टॉक की जांच करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम के मद्देनजर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर यह बहुत जरूरी है कि सभी एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारी अपने किसी भी क्षेत्र में अवैध मुहानों के माध्यम से कोयला ना निकालें। इसके लिए उपायुक्त ने एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर सभी अवैध मुहानों को अच्छी तरह से बंद रखना सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपस्थित कारखाना निरीक्षक सहित अन्य खनन संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त ने नियमित रूप से कारखानों का निरीक्षण करने एवं नियमानुसार कारखानों का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने नियमित रूप से इससे संबंधित जांच प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू , जिला खनन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**जानकारी** | नैक ग्रेडिंग के लिए भी तैयारी शुरू

## विभावि में शीघ्र होगा दीक्षांत समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में जल्द दीक्षांत समारोह कराया जाएगा। वहीं नैक ग्रेडिंग के लिए भी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही वोकेशनल सेल को भी सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही साथ इसका बायलॉज भी तैयार किया जाएगा। वहीं अनुबंध पर विभिन्न कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की भी बहाली की जाएगी। इसके लिए विभिन्न कॉलेजों से विषयवार रिक्तियां मांगी गई हैं। यह जानकारी विभावि के रजिस्ट्रार डॉ कौशलेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अलग-अलग चार बैठकें हुईं। इसमें हेड एंड डींस, डायरेक्टर्स ऑफ सेल फाइनांस कोर्स(वोकेशनल कोर्स), आईक्यूएसी और परीक्षा परिषद की बैठक में कई निर्णय लिए गए। रजिस्ट्रार ने बताया कि जून के वीकेंड या जुलाई के प्रथम सप्ताह विनोबाभावे विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह कराने पर सहमति बनी है। वहीं नैक एक्रिडेशन के लिए पीयर्स टीम अगस्त में आनेवाली है। इसके लिए विभावि में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का मिलन समारोह भी कराया जाएगा। परीक्षा बोर्ड की बैठक में सत्र नियमित रखने, समय पर परीक्षा लेने और रिजल्ट देने समेत विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। वहीं विद्यार्थियों की मांग पर कॉमर्स सेमेस्टर-4 की परीक्षा की तिथि बढ़ा दी गई है। इस परीक्षा की तिथि 28 जून को होनेवाली कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा से टकरा रही थी। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा विभिन्न संकाय अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों और निदेशकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों की समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करेंगे। मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान देते हुए संबंधित कार्य किए जाएंगे।

### आज से आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**बरही ।** रविवार से प्रखंड मैदान बरही में आशुतोष-आदित्य मेमोरियल टी-20 नोक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा । टूर्नामेंट बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे है । जिसमे कुल आठ टीम भाग ले रही है । ग्रुप ए में इंक्रेजीबल क्लब हजारीबाग, वीएसजी कोडरमा, स्पोटिंग यूनियन तिलैया एवं रॉयल ऑर्किड स्कूल बरही क्रिकेट टीम को रखा गया है। जबकि ग्रुप बी में रैंबो स्कूल, इंडियन एंथम, बीएसए ए एवं बीएसए बी क्रिकेट टीम शामिल है । 11 जून रविवार को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेला जाएगा। उक्त जानकारी बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने प्रेस बयान जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि आशुतोष व आदित्य एक अच्छे खिलाड़ी थे।

## अब गांव में ही हो पायेगा शुद्ध पानी ही पहचान : सुधीर मंगलेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के तहत शनिवार को में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से पानी की शुद्धता की जांच के लिए महिलाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दस गांव के जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, स्वयं सहायता समूह, सखी मंडल और तेजस्वी संस्था से एक-एक सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि उन्हें अपने-अपने गांव और क्षेत्र में कुआं और चापाकल आदि के पानी की जांच करनी है। बताया कि एक किट मशीन के माध्यम से पानी शुद्धता की जांच करनी है। साथ ही ग्रामीणों को बताना है कि वह पानी पीने योग्य है या नहीं। वहीं, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से झारखंड में बसे गांव, खेत, खलियान को भी दिखाया गया। जिसमें उन्हें बताया गया कि उन्हें गांव में पहुंचकर किस तरह से पानी की जांच की जानी है। मौके बीस सूत्री अध्यक्ष ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि उन्हें शुद्ध और साफ पानी कैसे मिलेगा।

# रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 10 दिवसीय वर्मी कंपोस्ट के निर्माण को लेकर प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा में गाय पालन तथा वर्मी कंपोस्ट निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ बैंक ऑफ इंडिया हिरोडीह शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अजीत कुमार तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा के निदेशक अमरदीप केशरी के द्वारा संयुक्त रूप से गुरूवार को किया गया। इस प्रशिक्षण में पूरे जिले भर से 35 युवक तथा युवतियों इसमें हिस्सा ले रहे है। जिन्हें गाय पालन तथा वर्मी कंपोस्ट निर्माण का 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक अमरदीप केसरी ने बताया की गाय पालन एक बहुत ही रोजगार परक ।व्यवसाय है। इन दिनों गौपालन के क्षेत्र में नई नई वैज्ञानिक खोजें की गई है। जिससे कम मेहनत में अधिक लाभ कमा सकते हैं। साथ ही बाछा बाछी को बेच कर अतिरिक्त लाभ कमाया जा सकता है साथ ही गोबर के विभिन्न उपयोग है जैसे जलावन,गोबर गैस प्लांट,गोबर खाद (जो की ऑर्गेनिक खेती का सबसे महत्वपूर्ण अंग है) इत्यादि के बारे में प्रशिक्षण में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया हिरोडीह के शाखा प्रबंधक अजीत कुमार चौरसिया ने कहा कि जीवन स्तर सुधारने के लिए वर्तमान में हुनर होना आवश्यक है। गाय पालकों के लिए बैंक की विभिन्न स्कीम के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रशिक्षणार्थियों से बैंक से ऋण लेकर गाय पालन शुरू करने की बात बताई। इस अवसर पर अतिथि प्रशिक्षक रामचंद्र महतो प्रशिक्षक पवन कुमार शर्मा। कार्यालय सहायक मंजीत यादव रीना कुमारी सहित प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## कोडरमा स्टूडेंट यूनियन ने किया सड़क जाम

**झुमरी तिलैया।** झारखंड स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले कोडरमा स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष प्रेम नायक एवं सचिव मनीष कुमार यादव और उपाध्यक्ष बलराम कुमार यादव के अगुवाई में सुभाष चौक झुमरी तिलैया के निकट रोड जाम किया गया। जिसमें इसमें 60/40 नाय चलतो, खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करो, झारखंड में झारखंडी भाषा को लागू करो, खनिज खनन नीति लागू करो, एवं झारखंड सरकार होश में आओ अनेक नारे लगे। रोड जाम में सैकड़ों स्टूडेंट एवं उनके अभिभावक मौजूद थे। प्रेम नायक ने कहा कि सरकार नहीं मानती है तो आगे और भी उग्र आंदोलन होगा। और उस पर भी नहीं मानती है तो टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में 2024 की तैयारी किया जाएगा।

# झारखंड के 48 नगर निकायों में अगस्त में चुनाव, मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया नगर पर्षद एवं कोडरमा नगर पंचायत का कार्यकाल जुन 2020 में समाप्त हो गया। इसके बाद से अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं वार्ड सदस्यों की सदस्यता समाप्त हो गयी। तीन वर्षो से चुनाव नहीं होने के वजह से प्रशासक भी विकास कार्यो को देख रहे हैं। वहीं इस वर्ष 28 अप्रैल 2023 को डोमचांच नगर पंचायत का भी कार्यकाल समाप्त हो गया। ऐसे में झुमरी तिलैया नगर पर्षद में प्रशासक विनीत कुमार एवं कोडरमा डोमचांच में प्रशासक के रूप में जितेन्द्र कुमार जैसल कार्य देख रहे है। जन प्रतिनिधि के कार्यकाल में निकायों में प्रशासनिक अधिकारियों का पोस्ट नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में




होता है। इधर झारखण्ड के 48 निकायों में चुनाव कराने के लिए संबंधित जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्तों को पत्र लिखा गया है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश के बाद प्रशासन 10 जुलाई तक नगर निकायों के अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। संभावना जतायी जा रही है अगस्त 2023 में सरकार नगर निकाय चुनाव संपन्न करा लेगी। इधर राज्य निर्वाचन आयोग का पत्र मिलते ही आम निर्वाचन 2023 निर्वाचन के लिए मतदाता सूचि की तैयारी के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देश का अनुपालन शुरू हो गया है। मालूम हो कि चुनाव को लेकर 7-8 माह पूर्व झुमरी तिलैया नगर पर्षद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के वार्ड सदस्य सक्रिय हो गये थे और जनसंपर्क अभियान के साथ -साथ सोसल मीडिया पर प्रचार प्रसाार भी शुरू कर दिया था। नवम्बर 2022 में विखंडन कार्य किया गया था लेकिन एकाएक चुनाव पर ब्रेक लग गया था। मिली जानकारी के अनुसार झुमरी तिलैया के 28 वार्ड में लगभग 65 हजार कोडरमा नगर पंचायत में 15 वार्डो के लिए 19 हजार तथा डोमचांचमें 14 वार्ड के लिए 18500 मतदाता का नाम दर्ज है और यह संख्या कुछ ओर बढेगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेगा एंपावरमेंट कैंप का आयोजन

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें लोग : न्यायमूर्ति





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा एवं जिला प्रशासन, सिमडेगा के द्वारा मेगा एंपावरमेंट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि एवं पद्मश्री मुकुंद नायक का सिमडेगा जिला में आगमन हुआ।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पारंपरिक नगाड़ा ढोल के साथ स्वागत किया गया।सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।नगर भवन में आयोजित इस कैंप का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्र द्वारा सभा को संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में लोगों को जानकारी दिया न्यायमूर्ति अनुभा रावत जी ने ग्रामीण जन को संबोधन करते हुए कहां कि आपने देखा कि हमलोगों ने एक मोमबत्ती से सारे दीपक जला दिये और यही एक दीपक सारे अंधकार को दूर करने की क्षमता रखता है। मैं आशा करती हूं आज जितने भी लाभुकों को लाभ मिल रहा है अपने क्षेत्र में जाकर कम से कम 10 लोगों को प्रेरित करेंगे, अर्थात 10 दीपक को जलाएं। जिससे कि लोगों में जानकारी बढ़े। ज्यादा से ज्यादा संख्या में लीगल सर्विसेस अर्थॉरिटी के पास आए और अपने हक को ले। ये जो किया जा रहा है ये आपका अधिकार है, कोई आपके ऊपर एहसान नहीं कर रहा है, ना ही कोई आपको लाभ दे रहा। इसके लिए आपको किसी को रुपए देने की आवश्यक है। आपका संवैधानिक अधिकार है, यह आपको मिलना ही चाहिए और मिलेगा ही। ऐसा हमारा प्रण है, मेरी यही कोशिश रहेगी की सिमडेगा जिला कि कोई भी व्यक्ति किसी भी लाभ से वंचित न रहा जाए। न्यायमूर्ति ने कार्यक्रम में में उपस्थित महिलाओं से ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं चाइल्ड ट्रैफिकिंग को रोकने हेतु जागरूक होने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में अधिक चाइल्ड ट्रैफिकिंग होती है आप बच्चों को बड़े शहर ले जाकर अत्याचार किया जाता है, इसके प्रति जागरूक हो और बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, खाना दे या ना दे पर बच्चों को बाहर कार्य करने हेतु ना भेजें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं आपके लिए चलाए जा रहे हैं जैसे- आपको आधार कार्ड की जरूरत है, राशन कार्ड की जरूरत है, कुआं की जरूरत है, डीप बोरिंग की जरूरत है, स्कूल की जरूरत है या या बच्चों की पढ़ाई कि खर्च की जरूरत है यह सरकार की जिमेवारी है। न्यायमूर्ति ने विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक को झारखंडी लोकल गीत के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को गीत के माध्यम से आम-जनों तक पहुंचाने की बात कहीं। साथ ही जिला जनसंपर्क विभाग को स्थानीय भाषाओं में रेडियो, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य माध्यमों से सरकार की योजनाओं का प्रचार - प्रसार कर आमजन को जागरूक करने को कहीं।सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इस पर आप ध्यान दें। और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इस मैसेज को पहुंचाएं। इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूंगी। मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा 22569 लाभुकों के बीच कुल 33 करोड़ का परिसंपत्ति वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का अतिथियों द्वारा भ्रमण किया गया एवं विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। तथा न्यायमूर्ति अनुभव रावत चौधरी के कर कमलों द्वारा अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत कार्यपालक अभियंता एनआरईपी एवं राज्य संपोषित योजना अंतर्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा द्वारा क्रियान्वित योजना के तहत पीसीसी पथ निर्माण का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में डालसा की टीम, समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे

## भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद मैट्रिक इंटर के टॉपर बच्चों को किया सम्मानित

बोलबा। अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखण्ड इकाई बोलबा के तत्वावधान में प्रखण्ड अध्यक्ष रामजतन सिंह की अध्यक्षता में मैट्रिक और इंटर में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह सह प्रखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 21 विद्याथीर्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें से प्रथम स्थान कमलेश सिंह, द्वितीय राजराज सिंह, तृतीय शिवशक्ति सिंह प्राप्त किये। वही प्रखण्ड संरक्षक देवकुमार सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष रामजतन सिंह ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी सांस्कृति को बचाने तथा संगठन को मजबूत करने की बात कही। सचिव पिताम्बर सिंह ने संचालक करते हुए पढ़ाई के दौरान आने वाले परेशानियों से बचने के लिए छात्रसंघ सिमडेगा से जुड़कर लाभ उठाने की बात कही। बैठक मे कमलू सिंह, सोमरु सिंह, कमलजीत सिंह, सँतोष सिंह विश्वनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिकता के आधार पर गांव की समस्याएं हो रही है दूरः विक्सल कोनगाड़ी



**कोलेबिरा।** शनिवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत के सुदूरवर्ती देवाटोली ग्राम में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।ग्रामीणों द्वारा कांग्रेस पार्टी पर भरोसा करते हुए विधायक तथा कांग्रेस कमेटी को आमंत्रित किया गया तथा ग्रामीणो द्वारा गांव के सामुहिक तथा व्यक्तिगत समास्याओं से अवगत कराया खासकर बिजली बिल संबंधित समस्या प्रधानमंत्री अवास योजना घर घर नल योजना तथा तारशिला केरकेट्टा के विकलांग पेंशन से समस्या तथा वृद्धा पेंशन योजना संबंधित समस्या को बताया गया।विधायक ने समस्याओं को सुनते हुए कहा अविलंब संबंधित विभाग को कहकर लोगों की समस्यायों को दूर किया जाएगा अब प्रखंड कार्यालय में भी बैठकर छोटी बड़ी सभी समस्याओं को दूर किया जाऐगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी मतियस केरकेट्टा जमीर खान रवी गोप तनवीर आलम पंचायत अध्यक्ष जगजीत केरकेट्टा कंदरु नायक सुनिता कुल्लू तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहीद शशिंद्र कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया के शहीद शशिंद्र कुमार शर्मा जी की पुण्यतिथि पर कोडरमा जिले के सामाजिक संस्था के. एस. एच. यूथ फाउंडेशन के द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया जहां कोडरमा विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री माननीय डॉ नीरा यादव जी, पूर्व जीप अध्यक्ष श्रीमती शालिनी गुप्ता जी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष संतोष यादव जी, निवर्तमान वार्ड पार्षद विशाल सिंह उर्फ नीलू सिंह समेत समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति इस कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यक्रम स्थल पर स्थापित शहीद शशिंद्र कुमार शर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एवं श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर मौजूद कोडरमा विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री माननीय डॉ नीरा यादव जी ने झुमरी तिलैया बाजार समिति के निकट स्थित शहीद स्मारक स्थल को विधायक मद से जल्द हीं भव्य रूप देने एवं उस स्थान पर सौंदरीकरण करवाने की भी बात कहीं हैं। के एस एच यूथ फाउंडेशन के निदेशक विशाल सिंह ने बताया की इस स्थान पर प्रातः में श्रद्धांजलि सभा एवं संध्या में दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों हेतु उप विकास आयुक्त, सिमडेगा अरुण वाल्टर सांगा की अध्यक्षता मे डीआरडीए सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मौसम की स्थिति को देखते हुए बारिश होने की संभावना होने पर नगर भवन सिमडेगा में आयोजन करने की बात कहीं।विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश



दिए। उन्होंने सभी विधि व्यवस्था को संधारित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जिले में सभी जगहों पर समय का निर्धारित करते हुए एक साथ एक समय पर योग दिवस मनाने हेतु पत्राचार करने को कहा। जिला स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने हेतु जिला प्रशासन स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल एवं कस्तूरबा विद्यालय से अधिक संख्या में उपस्थिति हो साथ ही जिले में आम नागरिक की उपस्थिति हेतु प्रेरित करने की बात कहीं। उन्होंने ड्रोन कैमरा की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करना के निर्देश दिए। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीए, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सचिव जिला योग समिति, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, शिक्षा विभाग के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## वन विभाग ने ग्रामीणों को बांटे मशाल एवं टॉर्च



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर से जंगली हाथियों का आतंक शुरू हो गया है जंगली हाथियों के झुंड द्वारा ग्रामीणों को घरों को तोड़ते हुए घर में रखे अनाज सहित सामानों को नष्ट कर रहे हैं जिसकी वजह से ग्रामीण काफी भयभीत है और रात भर जाग कर ग्रामीण रात बिताने पर मजबूर है ग्रामीणों की मानें तो शाम होने के साथ ही हाथियों का झुंड गांव पहुंचता है और गांव में आतंक मचाना शुरू कर देता है बताया गया कि कनारोवां पंचायत क्षेत्र में जामबेड़ा गांझू टोली तूरीकोना में जगदीश प्रधान, सूकर प्रधान, निर्मल प्रधान के घर और अनाज को क्षति किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार अभी भी कनारोवां बघरूपता के पूरब दिशा में करम पहार में दो हाथी होने की सूचना है मुखिया मिन्सी लीना तिर्की ने फॉरेस्ट विभाग से संपर्क कर जांच कर प्रभावित ग्रामीणों के घर तथा अन्नाज क्षति का आकलन करते हुए मुवावजा दिलाने की बात कही। दर्पण विभाग द्वारा तत्काल ग्रामीणों के बीच में मसाल एवं टॉर्च का वितरण करते हुए हाथों से बचाव के उपाय जानकारी दी ।साथ ही कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में जंगली हाथियों को ना छेड़े इससे ग्रामीणों को परेशानी बढ़ेगी और हाथी उग्र होंगे।

**लाभ उठाएं**

## तेली छात्रावास में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक

# सिमडेगा :13 जून को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** तेली छात्रावास में सिमडेगा जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक विष्णु साहु की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सिमडेगा जिला के सभी प्रखंड से आए हुए पचासों प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में शामिल केंद्रीय मुख्य संरक्षक जगदीश साहु ने बताया कि बहुत जल्द केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के नेतृत्व में सातों जिला समितियों द्वारा राजभवन के सामने धरना दिया जाएगा और इन जिलों में सरकारी नौकरी में पिछड़े वर्ग का आरक्षण शून्य किए जाने के विरूद्ध ज्ञापन दिया जाएगा जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग को भी दी जाएगी। सातों जिलों के सभी सांसदों एवं विधायकों को भी इस धरने में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा। जिला मुख्य संरक्षक श्री राम कैलाश राम, बानो प्रखंड से श्री प्रहलाद नाग, दिलमोहन साहु, चूड़ामणि यादव, बांसजोर से सुनील साहु, जिला महिला समिति से सीता देवी, इन्दुमती देवी, प्रदीप केशरी, कुंवर गोप ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। 25 मई को बानो प्रखंड मुख्यालय एवं केरसई प्रखंड मुख्यालय सहित सिमडेगा जिला मुख्यालय में पुर्व निर्धारित प्रोग्राम के अनुसार 25 मई को संध्या 6 बजे मशाल जुलूस निकाला गया और महावीर चौक पर एक जन सभा को संबोधित भी किया गया जिसमें हजारों महिला-पुरुषों ने सफल भागीदारी निभाई ।साथ ही 25 मई की रात्रि 12 बजे से 26 मई 2023 रात्रि 12 बजे तक पुरे 24 घंटे संपूर्ण सिमडेगा जिला पूर्णतः बन्द रहा। सभी व्यवसायिक



वाहनों का चक्का जाम रहा। अखबार, दुध एवं सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को बन्द से मुक्त रखा गया था। विश्व रक्तदाता दिवस का स्वागत करने के लिए 13 जून मंगलवार को तेली छात्रावास में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें सदर अस्पताल, सिमडेगा और शांति भवन मेडिकल सेंटर की टीमों द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा।सिमडेगा जिला में रहने वाले पिछड़े वर्ग के सभी लोगों के साथ साथ आम जनता से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे के बीच तेली छात्रावास, हरिजन टोली, सिमडेगा में रक्त दान करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाये।

## ग्वालियर में सिमडेगा की बेटियां कर रही है उम्दा प्रदर्शन, बिहार को हराकर नाकआउट में किया प्रवेश



**सिमडेगा।** सिमडेगा के नौ खिलाड़ियों से सजी अंडर 19 बालिका झारखंड टीम ने 66 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता में उमदा प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रही है। शनिवार को झारखंड टीम ने बिहार को 5-0 से हराया। ग्वालियर में आयोजित 66 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता में झारखंड का दूसरा लीग मैच था। झारखंड की टीम लगातार दूसरा मैच जीत कर नॉकआउट में प्रवेश किया। झारखंड की ओर से पहला गोल सिमडेगा की बेटी निशा मिंज ने किया। वहीं दूसरा गोल भी सिमडेगा की खिलाड़ी निशा कुमारी ने किया। जबकि तीसरा गोल खूंटी की बिनिमा धान और चौथा व पांचवा गोल खूंटी की ही बालो हीरो ने किया।

# महुआडांड़ अंजुमन कमेटी के सदर बने इमरान अली, मजहर खान बने सेक्रेट्री



**प्रतिनिधि। महुआडांड़**
जामिया नूरिया जिया उल इस्लाम अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न हो गया। इस तीन पदों के लिए 6 लोगों के द्वारा नॉमिनेशन कराया गया है। सदर पद के लिए मोहम्मद इमरान अली व मोहम्मद हयूम अंसारी ने नॉमिनेशन कराया कराया था, जहां इमरान अली को मिले 246 वोट व ह्यूम अंसारी को मिला 213 वोट इस तरह से 33 वोट ज्यादा पाकर इमरान अली सदर पद के लिए निर्वाचित हुए।सेक्रेटरी पद के लिए नुरुल होदा व मजहर खान के द्वारा नॉमिनेशन किया गया था, जहां मजहर खान को 256 वोट व नुरूल होदा को 204 वोट प्राप्त हुए।इस तरह से 52 वोट अधिक लाकर मजहर खान विजयी घोषित किए गए। वही खजांची पद के लिए शाहिद कमाल व जसीम शेख ने पर्चा भरा था जहां शाहिद कमाल को 340 वोट व जसीम शेख को 120 वोट मिले। वहीं शाहिद कमाल 220 वोट अधिक लाकर खजांची पर काबिज हुए। चुनाव कमेटी के द्वारा जीत की घोषणा करने के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को चुनाव कमेटी के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसके बाद सभी लोगों के द्वारा निर्वाचित सदस्यों को फूल माला पहनाकर वह गले लगा कर जीत की बधाई दी गई। वहीं निर्वाचित सदस्यों के द्वारा जीत के उपरांत मस्जिद में शुकराना नमाज अदा किया गया और उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गई। चुनाव शांतिपूर्ण एवं सहद्र वातावरण में कराने को लेकर महुआडांड़ के लोगों के द्वारा चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिसमें 10 लोगों के नाम शामिल किए गए थे। इसमें मोहम्मद खुर्शीद खान, शबीब खान उर्फ भोलू, सफरूल खान, कमाल अहमद, असलम खलीफा, अंजर खान, खुर्शीद आलम, शहीद खान, आजाद अहमद व मोहम्मद मुर्शीद के नाम शामिल था। चुनाव कमेटी के सभी सदस्यों के द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिम्मेदारी दी गई थी। चुनाव कमेटी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शांतिपूर्ण सौहार्द पूर्ण वातावरण में चुनाव को संपन्न कराया। इसे लेकर महुआडांड़ के अवाम ने चुनाव कमेटी का शुक्रिया अदा किया है। वहीं चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी की नियुक्ति भी की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लेकर महुआडांड़ पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय योगदान रहा है। अंजुमन कमेटी महुआडांड़ व आवाम व निर्वाचित सदस्यों के द्वारा शुक्रिया अदा किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत पालही ग्राम में बालूमाथ- बालू- लातेहार मुख्य मार्ग पर समसुन बीवी (26) पति अली हुसैन मुर्मू लोहरदगा बाइक दुर्घटना में घायल हो गई। उसे परिजनों व ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। समसुन बीवी अपने मायके में भाई की बेटी के शादी समारोह में आई हुई थी। इसी दौरान वापस ससुराल जाने के क्रम में दुर्घटना की शिकार हो गई। बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टर के मुताबिक महिला के सिर समेत विभिन्न हिस्सों में आंतरिक चोटें आई हैं।

### 407 मालवाहक पेड़ में टक्कराया

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप अनियंत्रित हो 407 माल वाहक वाहन जेएच-02क्यू 6988 पेड़ में टक्कर मार दिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि चालक बाल-बाल बच गया। घटना बीते देर रात करीब 2 बजे की है। चालक सुजीत कुमार यादव ने बताया की चतरा में फार्च्यून का समान खाली कर वापस हजारीबाग जा रहा था। इसी दौरान बघमरी मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो पेड़ से टकरा गया व बड़ी दुर्घटना होने से टल गया।

### प्रखंडों में कल लगेगा ओटीएस कैंप

**चतरा/सिमरिया।** जिले के सभी 12 प्रखंड़ों में विद्युत विभाग द्वारा 12 जून को एक साथ ओटीएस कैंप लगाया जाएगा। जिसमें बिजली उपभोक्ता एक साथ बकाया बिजली बील का भुक्तान कर सरकार के ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। सिमरिया प्रखंड कार्यालय में 12 जून को विद्युत विभाग के ओटीएस कैंप की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि इस कैंप में वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत ब्याज माफी के साथ केवल बिजली बिल का भुगतान कर उपभोक्ता योजना का लाभ ले सकते हैं। बीडीओ ने सभी मुखिया से बिजली उपभोक्ताओं को इस संबंध में जागरूक कर इस कैंप में भेजकर योजना का लाभ दिलाने की अपील भी की।

## पिस्टल के दम पर राहगीर को लूटा था, बाइक-मोबाइल फोन बरामद

# पुलिस ने तीन सड़क लुटेरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
पुलिस ने सड़क पर लूट करने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते माह बालूमाथ- हेरहंज मुख्य मार्ग बनियों ग्राम के नजदीक घने जंगल के पास देर रात्रि को वादी रंजन कुमार रवि से अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन आदि की लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसका पीड़ित द्वारा बालूमाथ थाने में मामला दर्ज कराया गया।

इसके बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मामले पर संज्ञान लेते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया, जिसने कुछ ही दिनों में सड़क लूट कांड मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी अमर कुमार उर्फ मोनू उम्र (19) पिता नरेश राम ग्राम हुम्बू टोला हटाटोंगरी थाना हेरहंज, सनोज कुमार पिता स्व उलीराम ग्राम पिंडारकोम थाना बालूमाथ मासूम उर्फ मो. तहसीन पिता मो. कलाम आलम बालूमाथ लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया। अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु एसआईटी टीम द्वारा छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट की मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद आदि बरामद किए गए हैं। बता दें कि पिंडारकोम निवासी सनोज कुमार पहले भी मोटरसाइकिल चोरी मामले में नामजद अभियुक्त रहा है।

इस एसआईटी टीम में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार पुनि शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि कुबेर साव, पुअनि नीतीश कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# जेट्ठ जतरा में दिखती है आदिवासी एकता-परंपरा की झलक : विधायक






**प्रतिनिधि। महुआडांड़**
प्रखंड के सेम्बरबुढ़नी मे जेट्ठ जतरा का आयोजन शनिवार को किया गया, जहां आदिवासी समाज के पूर्वजों द्वारा संचालित सत्र सदन के साथ वार्षिकोत्सव मनाने का महाजुटान कार्यक्रम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि जेट्ठ जतरा में आदिवासी समाज की एकता व परम्परा की झलक देखने को मिलती है। आदिवासी समुदाय जिससे वर्षों से सांस्कृतिक व परम्परा को रखने का काम किया है। वहीं जेट्ठ जतरा कमिटी के सदस्य जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि उरांव आदिवासी समुदाय के ग्राम प्रधानों ( महतो) के बैठक का सुचना प्रसारित करने का माध्यम जेट्ठ जतरा होता था। उरांव समुदाय का वर्ष अषाढ़ से शुरू होकर जेठ के अंतिम महिना में होता है, जिसमें साल भर की समीक्षा एवं नये साल की योजना बनती है। अन्य वक्ताओं ने बताया कि जेट्ठ जतरा आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आदिवासी बहुल इलाके में पूवर्ज द्वारा बनाया गया मिनी संसद है जहां आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक चेतना के पक्ष में विचारधारा बनाने का काम किया जाता है। जेट्ठ जतरा के माध्यम से समाज की एकजुटता को कायम रखने एंव संवैधानिक अधिकारों को जन जन तक पहुंचाने का मुल उद्देश्य है। आदिवासी 11 गांवों की टीम ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां प्रथम, द्वितीय व तीसरे आने वाले नृत्य टीम को इनाम देते हुए अन्य टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में डीएसपी राजेश कुजूर, सरना धर्म अगुवा मनेश्वर उरांव घाघरा, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, जेरोम जेराल्ड, इस्तेखार अहमद, बलराम उरांव, विनोद खलखो, प्रवीण, सहित कई गाँव के बैग्रा पहान, ग्राम प्रधान, मुखिया प्रतिनिधि, प्रवीण, विनोद आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लाभ से वंचित ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**
हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ सीएचओ दिपीका हेमरोम के मनमानी के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का अरोप है कि कभी भी समय से केंद्र नहीं खुलता है। सीएचओ से जब स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था के संबंध में जानकारी मांगी गई तो जवाब देने से मुकर गयी। ऐसे में जाहिर है कि सीएचओ के द्वारा स्वास्थ केंद्र का संचालन मनमानी रूप से किया जा रहा है। जबकि स्वास्थ केंद्र में प्रसव कक्ष एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए चौबीस घंटे सेवा देना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हंटरगंज द्वारा सीएचओ एवं एएनएम को आदेशित किया गया है कि जारी सूची के अनुसार अगले आदेश तक कार्य करना सुनिश्चित करेंगें। बीरेंद्र कुमार (एचडब्ल्यू), आउटसोर्सिंग कमलेश कुमार यादव (स्वा. सेवक), आउटसोर्सिंग ओपीडी प्रसव से संबंधित कार्य करना एवं साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगें। यह तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिसकी प्रतिलिपि असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा एवं डीपीएमयू चतरा को सूचनार्थ प्रेषित की गई है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताया कि अगले दस दिनों में स्वास्थ्य केंद्र सुचारु रूप से चालु हो जायेगा।

### अवैध बालू उठाव करते दो ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबल महाने नदी से अवैध बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर को प्रशासन द्वारा टीआन चलाकर देर शाम जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसरी गुप्त सूचना मिली थी कि बलबल के टिकवा बांध घाट से ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। जिसके पश्चात अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर उक्त घाट में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध रूप से बालू उठा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया आया। इस बाबत इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर सीओ ने प्राथमिकी दर्ज करवाया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। छापेमारी दल में सीओ के साथ थाना प्रभारी कन्हैया यादव व अन्य पुलि कर्मी शामिल थे।

# भारी मात्रा में नकली शराब की गई जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक के द्वारा हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह में अवैध नकली शराब कारोबार के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की जिले के हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किये जाने कि गुप्त सूचना मिली थी।

गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक उत्पाद एवं सशस्त्र बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें नावाडीह-पनारी गांव के विभिन्न स्थलों से आरएस 375 एमएल के 335 बोतल, 1बी 750 एमएल के 104 व 375 एमएल के 336 बोतल, माक्डोवेल्स नम्बर1 750 एमएल के 60 बोतल व 375 एमएल के 404 बोतल, 7 पीएम 180 एमएल के 620 बोतल, बी 7 375 एमएल के 240 बोतल, ट्यूबोर्ग 500 एमएल के 120 पीस, कुल अवैध विदेशी शराब 720.7 लीटर तथा भारी मात्रा में नकली शराब एवं स्टीकर भी उक्त स्थलों से बरामद किया गया। मुख्य अभियुक्तों में ग्राम पनारी, नावाडीह से राजेश यादव (पिता राजेन्द्र यादव), संजय यादव (पिता सुकुल यादव), सुनील यादव (पिता लखन यादव), जितेंद्र यादव (पिता शिव यादव), केल यादव (पिता मूलचंद यादव), कारू यादव (पिता स्व. सुखदेव यादव) एवं ग्राम घंघरी से अजय दास शामिल हैं। उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### एमआरपी से अधिक मूल्य पर बेची जा रही अंग्रेजी शराब

**चंदवा।** शहर के नजदीक शिवाटोली के समीप शराब की दुकान से नकली शराब तथा प्रिंट रेट से अधिक मूल्य में शराब बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। एक ग्राहक बलेंडर की खुली बोतल लेकर दुकान पहुंचा और काउंटर इंचार्ज से शराब से कच्ची स्पिरिट का टेस्ट आने की शिकायत की। संवाददाता के द्वारा कांउटर इंचार्ज राहुल कुमार से कच्चे स्पिरिट टेस्ट के बाबत पूछे जाने पर बताया कि कभी कभी आगे से ही इस तरह का माल आ जाता है। नकली शराब बेचे जाने के संबंध में दुकान मालिक से फोन पर पूछे जाने पर कहा गया कि जो बेचता है वह जेल जाएगा। इसमें मेरा कोई रोल नहीं है। वहीं प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि नकली शराब का धंधा करने वाले लोगों पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करने की जरूरत है।

## आयोजन: समस्याओं और उनके निराकरण पर भी किया गया मंथन

# शिक्षकों की गोष्ठी में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर प्रखंड के बीआरसी भवन में शनिवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सदर प्रखंड अंतर्गत सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च/+2 विद्यालयों के पर प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक उपस्थित हुए। गुरुगोष्ठी में सभी बिंदुओं पर सभी को विस्तृत रूप से विभागीय निर्देशों की जानकारी दी गई। इनमें एफएलएन, शिशुपंजी अद्यतनीकरण, पोषक क्षेत्र मैपिंग, प्रयास कार्यक्रम का क्रियान्वयन, स्कूल रुआर-2023, एसए 2 रिजल्ट का इविवि में अद्यतनीकरण/अपलोड, नेतरहाट और इसी के तर्ज पर प्रवेश परीक्षा 2023 का आवेदन फॉर्म प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने जिसका अंतिम तिथि 15 जून है, मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा आवेदन पत्र प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने, सावित्री बाई फुले योजना का फॉर्म भरने, एसड़ीएमआईएस, मेंडेटरी डेटा फील्ड, शैक्षणिक कैलेंडर का वितरण (सभी प्रारंभिक विद्यालय और उर्दू विद्यालय को उपलब्ध कराया गया), अनीमिया का मासिक प्रतिवेदन, आदर्श दिनचर्या संशोधित, मध्याह्न भोजन का मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह कीदूसरी तारीख को उपलब्ध कराना, माहवारी स्वच्छता से संबंधित प्रतिवेदन, नामांकन प्रतिवेदन विहित प्रापत्रानुसार, बायो लिंगवल कलेंडर, शिक्षक हस्त पुस्तिका, ग्रेड 4 हेतु 71 बिन्दुओं का प्रतिवेदन विहित प्रापत्रानुसार, ईविद्या वाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति आदि में उत्पन्न समस्याओं, तकनीकी कारणों का निराकरण आदि विषयक विभागीय निदेशों की जानकारी दी गई। मौके पर बीईईओ रामजीवन राम, मनी उरांव, शैलेंद्र सुमन, जीतेंद्र मित्तल, मंजू कुमारी, विनोद सिंह, सुषमा मिंज, जयधर कुमार, एनामुल हक, सावित्री मधुर, तौहीद आलम, बिपिन दास, विजय कुमार दास, मुश्ताक अहमद, अनिल टोप्पो, नीलू गोयल, पवन साहू, गौतम यादव, मुशर्रफ अंसारी, राजकुमार महली, श्यामा मिश्रा, संयुक्ता देवी, मुश्ताक अहमद, एंजेला फ़्लोरा मिंज, निशा कुमारी, माहेश्वरी प्रजापति, त्रिसंध्या प्रजापति, अनंत शर्मा, अनिल सिंह, विशेषण भगत, श्याम सिंह, पूर्णकाम, रमेश चंद्र, चोंहस उरांव, इंद्रावती कुमारी, जीतन देवी, सुषमा कुजूर, गुजरी कुमारी, सुजीत रजक सहित प्रखंड के सभी बीआरपी, सीआरपी और शिक्षक उपस्थित हुए।

### गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए शिविर लगा

**बारियातु।** प्रखंड के टोटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह में स गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे उपस्थित बीटीटी हीरामन पांडेय ने बताया की आयुष्मान भारत योजना के तहत कई गंभीर बीमारी को निशुल्क इलाज करवाने के लिए गोल्डेन कार्ड बनाना जरूरी है। कई गरीब-गुरबे पैसे की अभाव मे बीमारी को इलाज नहीं करवा पाते हैं। गोल्डेन कार्ड बनाए जाने के बाद आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पांच लाख तक का निशुल्क इलाज करवाने मे मदद मिलेगा। क्षेत्र के ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि संबधित क्षेत्र के सहिया से मिलकर गोल्डेन कार्ड अवश्य बनाए। सहिया सुखो देवी गोल्डेन कार्ड बनवाने में अहम भूमिका निभा रही थी। इधर बीटीटी हिरामन पांडेय ने पीपराडीह आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर हो रहे मासिक टीकाकरण का भी निरीक्षण किया।

# जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य के पदों का संवितरण एवं सहायक शिक्षक के पदों का प्रत्यार्पण से संबंधित बैठक हुई। जिसमें कुल 273 विद्यालयों के 495 शिक्षकों के पद को सर्वसम्मति से प्रत्यार्पित किया गया। वहीं कक्षा 1 से 5 तक के इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 958 पद एवं कक्षा 6-8 हेतु स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1524 पद को सर्वसम्मति से सृजित करते हुए संवितरण किया गया। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा कई अवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधितों को दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, सिमरिया विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सुमन समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर इधर भी

# सूरीनाम यात्रा का महत्त्व

***राष्ट्रपति*** द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा का संदेश अनेक देशों तक विस्तृत रहा। इनमें वह देश शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग विगत छह पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सभ्यता संस्कृति को कायम रखा है। मॉरीशस की तरह सूरीनाम में भी प्रवासी दिवस मनाया जाता है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुइस के अस्थाई निवास को अप्रवासी घाट कहा जाता है। प्रत्येक दो नवम्बर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है। सूरीनाम का प्रवासी दिवस पांच जून को मनाया जाता है। द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनको सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जनवरी में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भारत यात्रा आए थे। उन्होंने भारत को कैरेबियाई देशों में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया था। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित करने का आह्वान किया था। उन्होंने इसके लिए अपने देश मे जमीन उपलब्धि कराने के वादा किया था। कुछ वर्ष पहले मोदी सरकार के प्रयास से हुगली नदी के तट पर सूरीनाम मेमोरियल बनाया गया था। इसमें बब्बा और माई की वैसी मूर्ति हैं जैसी सूरीनाम मे हैं। प्रतिमा सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में बाबा और माई स्मारक की प्रतिकृति हैं , जो सूरीनाम पर कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीक है। परिमारिबो में यह प्रतिमा उस स्थान को चिह्नित करती है, जहां 5 जून, 1873 को जहाज लल्ला रूख में पहले भारतीय मजदूरों ने सूरीनाम में प्रवेश किया था। ये वह देश हैं, जिनसे भारत के रिश्ते बन्धुत्व पर आधारित हैं। भौगोलिक दूरी बहुत ज्यादा होने के बावजूद भावनात्मक लगाव बना रहता है। सूरीनाम ऐसा ही देश है। उसे भारत से गये लोगों ने सजाया-संवारा है। कई पीढ़ी पहले श्रमिक बन कर भारत से गये लोगों ने ही इस भूखण्ड को इंसानों के रहने लायक बनाया। आज यहां सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा को कई सन्दर्भों में देखा जा सकता है। इसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष समाहित हैं। सामाजिक आधार पर भारत और सूरीनाम का रिश्ता करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से पहले अंग्रेजों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को सूरीनाम,फीजी, मॉरीशस भेजने शुरूआत की थी। यह क्रम करीब सत्तर वर्षों तक चलता रहा। गिरमिटिया मजदूर के रूप में उनको वहां भेजा गया था। कई पीढ़ी बीतने के बावजूद यहां के लोग भारत से अपने जुड़ाव को भूलना नहीं चाहते। वहां के सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक जब अपने पूर्वजों का गांव तलाश करते हैं, तब भारत को खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का उद्देश्य दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है। पिछले साल जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद मुर्मू की यह पहली विदेश यात्रा है। वह सूरीनाम के पारामारिबो पहुंचीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति सी संतोखी ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की सूरीनाम में शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत हुई। वह प्रवासी भारतीयों के एक वर्ग से भी मिलीं। सूरीनाम की जनसंख्या में भारतीय मूल के लोग 27 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के बच्चों को मेड इन इंडिया चॉकलेट दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मनाने के लिए सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो पहुंचीं थीं। उन्होंने अपने समकक्ष चंद्रिकाप्रसाद संतोखी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों राष्ट्रपतियों ने भारत-सूरीनाम संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और रक्षा, कृषि, आईटी और क्षमता निर्माण सहित कई क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की। भारत और सूरीनाम ने स्वास्थ्य और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मू और उनके समकक्ष के बीच सामान्य द्विपक्षीय बैठकों के अलावा सूरीनाम में आम लोगों के साथ उनकी बातचीत सबसे अलग रही। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच वार्ता के निष्कर्षों पर संतोष व्यक्त किया।


**■ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

# राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक

***सत्य,*** शिव और सुन्दर भारतीय संस्कृति के मूल तत्व हैं। भारतीय राष्ट्र का उद्भव सांस्कृतिक भाव भूमि में ही हुआ था। प्रकृति के प्रति आत्मीय भाव इस संस्कृति की विशेषता है। भारतीय संस्कृति उदात्त है। इस विशाल देश में यहां अनेक भाषाएं और अनेक बोलियां हैं। अनेक भाषाओं और बोलियों के बावजूद यहां सांस्कृतिक एकता है। सभ्यता राष्ट्र की देह है। संस्कृति प्राण है। यह कला, गीत, संगीत, स्थापत्य आदि अनेक रूपों में व्यक्त होती है। सबसे खास बात है भारतीय संस्कृति में विश्व एक परिवार है। 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र में समूचा विश्व परिवार जाना गया है। स्वाधीनता संग्राम सांस्कृतिक नवजागरण था। यूरोप के पुर्नजागरण से भिन्न था। ऋग्वेद में सभी दिशाओं से ज्ञान प्राप्ति की स्तुति है। काव्य साहित्य और स्थापत्य संस्कृति की अभिव्यक्ति रहे हैं। सभी भारतीय भाषाओं में राष्ट्र का सांस्कृतिक प्रवाह प्रकट होता रहा है। संस्कृति का पोषण और संवर्द्धन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक संस्कृति और एक राष्ट्र की अवधारणा बिसरा दी गई। भारत की संस्कृति को कई संस्कृतियों का घालमेल बताया गया। इसे कम्पोजिट कल्चर कहा गया यहां अनेक बोलियां अनेक रीति रिवाज हैं। यहां विविधता है लेकिन विविधता के बावजूद सांस्कृतिक एकता भी है। यह बात डॉ. आंबेडकर ने 'पाकिस्तान आर पार्टीशन ऑफ इंडिया' में लिखी है। उन्होंने लिखा है कि यह बात सही है कि भारतवासी आपस में लड़ते झगड़ते हैं। लेकिन एक संस्कृति सबको जोड़े रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संस्कृति संवर्द्धन पर उल्लेखनीय काम हुआ है। संस्कृति और धरोहरों का संरक्षण इन 9 वर्षों में एक विशेष एजेंडा रहा है। सांस्कृतिक धरोहरों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। संस्कृति के प्रतीक वाले स्थानों, खूबसूरत मंदिरों के पुर्ननिर्माण का काम हुआ है। श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताये जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है। इस परियोजना में 9 राज्यों में फैले 15 केंद्रों का पुनर्निर्माण/ निर्माण सम्मिलित है। श्रीराम इन्हीं 9 राज्यों से होकर निकले थे। ऐसे स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करना लक्ष्य रहा है। केंद्र सरकार के साथ सम्बंधित 9 राज्यों की सरकारें इस योजना पर काम कर रही हैं। राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक हैं। श्रीराम के नाम से भारत की विशेष पहचान है। काशी को भारतीय संस्कृति की राजधानी कहा जाता है। अब वाराणसी आकर्षक नगर है। 2019 में प्रधानमंत्री की अपेक्षानुसार विश्वनाथ कॉरिडोर पर काम शुरू हुआ। मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का काम भी साथ साथ चला। विश्वनाथ कॉरिडोर देश का दूसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया था। इस कॉरिडोर की चर्चा यत्र तत्र सर्वत्र होती है। मध्य प्रदेश का उज्जैन सांस्कृतिक महत्त्व का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां महाकाल के दर्शनार्थ लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं। कालिदास की प्रतिष्ठित रचना 'मेघदूत' में महाकाल की प्रीतिकर उपस्थिति है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हुआ। इसकी भव्यता और सुंदरता आकर्षक है। अक्टूबर 2022 को उज्जैन में प्रधानमंत्री जी ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के विस्तृत क्षेत्र 'महाकाल लोक' का लोकार्पण किया था। यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का तीर्थ है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम के जन्म स्थान में भव्य मंदिर की अभिलाषा सपना रही है। जन्म भूमि को लेकर अनेक आंदोलन हुए। 2019 में श्रीराम जन्म भूमि सम्बंधी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया। मोदी जी ने स्वयं अगस्त 2020 में इसकी आधारशिला रखी। अयोध्या पहले से ही भारतीय संस्कृति दर्शन और आस्तिकता का केंद्र रही है। केंद्र सरकार अयोध्या को उसकी प्रतिष्ठा के अनुसार एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल के रूप में विकसित कर रही है। यह काम इसी 9 वर्ष के दौरान शुरू हुआ। भव्य मंदिर का निर्माण जारी है। केंद्र और राज्य की सरकार बधाई की पात्र हैं। 2013 में केदारनाथ धाम के आस पास भीषण आपदा के कारण काफी क्षति हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसकी भव्यता को फिर से संवारा गया। केदारनाथ मंदिर परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्वयं किया था। केदारनाथ धाम का विकास जारी है। संस्कृति प्रेमियों और भारतीय दर्शन के निष्ठावान लोगों के मध्य शंकराचार्य का नाम श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाता है। वे अद्भुत विद्वान थे। भारतीय चिंतन में 6 प्राचीन दर्शन हैं। शंकराचार्य जी ने वेदांत दर्शन को विश्वव्यापी बनाया था। पं० दीन दयाल उपाध्याय ने शंकराचार्य पर एक पुस्तक भी लिखी थी। 25 नवंबर 2021 को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में शंकराचार्य की मूर्ति का अनावरण प्रधानमंत्री जी ने किया था। मोदी सरकार ने उत्तराखंड के लिए चार धाम परियोजना शुरू की है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम जोड़ने वाली चार लेन सड़क का निर्माण जारी है। जम्मू-कश्मीर के रघुनाथ मंदिर का भी पुर्ननिर्माण किया गया। एक सरकारी अनुमान के अनुसार कश्मीर घाटी में लगभग 1842 आस्था केंद्र हैं। इनमें 952 मंदिर हैं। इनमें सिर्फ 212 में पूजा होती है। संविधान के अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अनेक आस्था केंद्रों का पुर्ननिर्माण हुआ है। लगभग 2300 वर्ष पुराने शारदा मंदिर की भी जीर्णोद्धार जारी है। कॉरिडोर का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। खीरभवानी मंदिर का भी सौंदर्यकरण जारी है। फरवरी 2022 में हैदराबाद में ग्यारहवीं सदी के प्रख्यात संत व दार्शनिक रामानुजाचार्य के सम्मान में बनी 216 फिट ऊंची 'स्टेच्यू ऑफ इक्वैलिटी' का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया था। इस परिसर में 25 करोड़ की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण कराया गया था। करतारपुर कॉरिडोर उपेक्षित रहा है। केंद्र सरकार ने यहां कॉरिडोर बनाये। उस स्थान तक पहुंचने के लिए मार्ग भी बनाया गया। गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों के शहादत दिवस को मोदी सरकार ने 'वीर बाल दिवस' घोषित किया। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद मोदी जी के प्रयास से गुरु ग्रंथ साहिब की तीन प्रतियों की पवित्रता बनाये रखते हुए भारतीय वायु सेना के विमान से सुरक्षित रूप में भारत लाया गया। 9 वर्ष में दुनिया के दुसरे देशों में भी मंदिरों व सांस्कृतिक केंद्रों को भव्य बनाने का काम भी हुआ है। 2018 में प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में बनने वाले पहले हिन्दू मंदिर की आधारशिला रखी। उन्होंने 2019 में बहरीन की राजधानी अबुधाबी में श्रीकृष्ण श्रीनाथ के पुर्ननिर्माण के लिए 4.2 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की।

**श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताये जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है।**

**इन दिनों**



**हृदयनारायण दीक्षित**

# समलैंगिक विवाह, परिवार व्यवस्था व कुछ तथ्य

***एक*** विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जायेंगे? आखिर इन से किसका भला होने वाला है? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आयेंगे? जहां नैतिकता के कोई मापदंड नहीं होंगे, कोई मर्यादा नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर इन दिनों सुनवाई कर रही है। न्यायपालिका के अपने तर्क हैं और समलैंगिक विवाह की दुहाई देने वाले अपने अधिकारों की बात कर रहे हैं किंतु सामाजिक सरोकार जिनके आधार पर भारतीय संविधान का ताना-बाना बुना गया और भारतीय परिवार व्यवस्था के अपने मापदंड हैं। भारतीय संदर्भों में समलैंगिक विवाह के विचार के विरोध में कम से कम एक हजार से अधिक ऐसे तर्क दिये जा सकते हैं जोकि वर्तमान भारतीय सामाजिक व्यवस्था के समर्थन में हैं और समलैंगिक विवाह की बातचीत करने या न्यायालय के समक्ष इसकी मांग कर रहे लोगों के विरोध में जाते हैं। फिर भी आश्चर्य होता है कि कैसे इस विषय पर न्यायालय घंटो -घंटो तक चर्चा के लिए ना केवल समय दे रहा है बल्कि संविधानिक उपाय और उनके लिए व्यवस्था बनाये जाने के लिए रास्ते खोजे जाने का प्रयत्न जारी है। विचार करें, विवाह क्यों किया जाता है? विवाह निजी मसला है या सामाजिक? विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों के यौन संबंधों की स्वीकार्यता भर है या दो परिवारों का जुड़ना और उसके माध्यम से समाज, संस्कृति और सभ्यता को पोषित,पल्लवित और पुष्पित करना भी है? एक विषय यह भी है कि भारत में परिवार व्यवस्था को कमजोर करने के लिए इन दिनों जो लगातार प्रत्यय हो रहे हैं, सोचने वाली बात है कि यह किसके हक में जायेंगे? आखिर इन से किसका भला होने वाला है? भारतीय परिवार व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कौन से समाज निर्माण की ओर अग्रसर होंगे? और वह भविष्य का कैसा सामाजिक ताना-बाना होगा, यहां पर स्त्री और पुरुषों के संबंधों के अतिरिक्त इस प्रकार के संबंध व्याख्यायित होते आम नजर आयेंगे? जहां नैतिकता के कोई मापदंड नहीं होंगे, कोई मर्यादा नहीं होगी। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की चिंताएं जायज हैं और यह सिर्फ उनकी चिंता भर नहीं, बल्कि भारत समेत दुनिया भर में परिवार व्यवस्था पर विश्वास करने वाले करोड़ों करोड़ लोगों की चिंता भी है। अगर समलैंगिक विवाहों के लिए याचिकाकर्ताओ की दलीलें स्वीकार की जाती हैं, तो कल को कोई ये भी मांग कर सकता है, एक ही परिवार में रक्त संबंध, रिश्तेदारों के बीच भी शरीरिक संबंध बनाने की अनुमति दी जाय। (शब्दों की मर्यादा है इसलिए यहां बहुत कुछ नहीं लिखा जा रहा) आज हम संविधान के दायरे में मौलिक अधिकारों की परिभाषा करते हैं वैसे कल व्यक्ति के निजी अधिकारों की बात कर इस प्रकार के विषय भी उठाये जायेंगे। फिर सोचिए कि क्या हमारी समाज व्यवस्था होगी? वस्तुतः भारतीय समाज और उसकी मान्यताएं समलैंगिक विवाह को कभी स्वीकार्य नहीं करेंगे। न्यायालय को यह समझना होगा कि समाज का बड़ा हिस्सा क्या चाहता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सही कह रहे हैं कि समलैंगिक शादी का मसला इतना सरल नहीं है, सिर्फ स्पेशल मैरिज एक्ट में हल्का बदलाव करने से बात नहीं बनेगी। समलैंगिक शादी को मान्यता देना बहुत सारी कानूनी जटिलताओं को जन्म दे देगा। परिवार और पारिवारिक मुद्दों से जुड़े ऐसे कानून जिनमें पति के रूप में पुरुष और पत्नी के रूप में स्त्री को जगह दी गई है, इस प्रकार के इससे 160 दूसरे कानून भी प्रभावित होंगे। इसलिए अच्छा होगा कि इस विषय को यहीं विराम दे दिया जाय और हम यह स्वीकार करें कि भारतीय परिवार व्यवस्था दुनिया की सर्वोच्च सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें स्त्री और पुरुष के साथ समाज में मनुष्य गत जितने भी प्रकार के वर्ग, समूह या विविधता हो सकती हैं उनमें समान रूप से परस्पर सहयोग के साथ सभी को उनका स्थान प्राप्त है। यह परिवार व्यवस्था का ही पुरुषार्थ है कि आज 'वर्ल्ड ऑफ स्टैटिक्सर' की रिपोर्ट भी दुनिया को यह बता रही है कि कैसे भारतीय परिवार व्यवस्था विश्व की सबसे श्रेष्ठतम सामाजिक व्यवस्था है जिसमें न सिर्फ सभी का स्थान सुरक्षित है बल्कि इसने ममता, दुलार भी समान रूप से सभी को प्राप्त है। यह रिपोर्ट यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि भारत में दुनिया के देशों के बीच सबसे कम तलाक या संबंध विच्छेद होते हैं जबकि आज के समय में हम सभी जानते हैं कि भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। भारत में तलाक प्रतिशत एक फीसदी है, जबकि वियतनाम में सात, तजाकिस्तान में 10, ईरान में 14, मैक्सिको, मिस्र और साउथ अफ्रीका में 17-17, ब्राजील में 21 और तुक्रिये में 25 प्रतिशत लोग तलाक लेते हैं। यह वैश्विक रिपोर्ट बता रही है कि जिन देशों में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी गई है ऐसे यूरोप और अमेरिकन देश आज सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यहां पर सबसे ज्यादा परिवार टूट रहे हैं । पुर्तगाल में सबसे ज्यादा तलाक के 94 फीसदी मामले हैं। जबकि स्पेन में 85, लक्समबर्ग में 79, रूस में 73, यूक्रेन में 70, क्यूबा में 55, फिनलैंड में 55, बेल्जियम में 53, फ्रांस में 51 फीसदी और अमेरिका में 43 प्रतिशत तलाक के मामले सामने आये हैं।

**■ डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

## है न विचित्र बात !

# रेल विकास : दर्पण झूठ न बोले

***भारतीय*** रेल के इतिहास में गत 2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर में हुआ भीषण ट्रेन हादसा अब तक देश में हुये भयंकरतम ट्रेन हादसों के रूप में अपना नाम दर्ज करा गया। लगभग 300 लोगों की जान लेने व लगभग 900 लोगों को घायल कर देने वाले इस रेल हादसे के अगले ही दिन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस भीषण दुर्घटना के मद्देनजर एक दिन के राजकीय शोक घोषित किया जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अनेक मंत्रियों ,उच्चाधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। दुर्घटना की जांच लापरवाही,यांत्रिक खामियां या साजिश का नतीजा थीं, इन सभी कोणों से की जा रही है। इस दुर्घटना के बाद सरकार की खूब आलोचना भी हो रही है और निश्चित रूप से विपक्ष को इस भीषण ट्रेन हादसे के रूप में एक मुद्दा भी हाथ लग गया है। इतिहास के पिछले पन्ने पलटने पर यकीन रखने वाली इस सरकार को लोग रेल इतिहास की वह दुर्घटना भी याद दिला रहे हैं जिसके बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी खुद पर लेते हुये मंत्री पद से त्याग पात्र दे दिया था। पिछले कुछ समय से वर्तमान सरकार रेल संबंधी विकास कार्यों को भी कुछ उसी अंदाज में पेश कर रही थी गोया रेल विकास भी भारत में अब मोदी काल में ही होना शुरू हुआ है। एक एक वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री स्वयं झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं और ऐसे प्रत्येक अवसर पर रेल विकास की महिमा का बखान किया जाता है। जिस देश में दशकों से राजधानी,शताब्दी, संपर्क क्रांति, दूरंतो, तेजस जैसी 130 से लेकर 150 किमी / घंटा की गति से दौड़ने वाली ट्रेन्स की सीरीज सफलता से चल रही हो और देश के यात्रियों को अपनी सेवाएं देती आ रही हो वहाँ वन्दे भारत को सबसे तेज व आधुनिक बताकर पिछली सरकारों की उपलब्धियों को धुंधला करने की कोशिश की जाती है। पैसेंजर ट्रेन्स को मेल बताकर जनता से तीन गुना किराया वसूल कर और वरिष्ठ नागरिकों को किराये में मिलने वाली छूट समाप्त कर रेल कमाई में इजाफे का ढोल पीटा जाता है। वंदे भारत एक्सप्रेस के बारे में बताया गया है कि यह देश की सबसे तेज गति वाली ट्रेन है। इसकी गति सीमा 160 /180 किलोमीटर प्रति घंटे है। और भविष्य में इसके 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से भी दौड़ने की योजना है। अब जरा रेल ट्रैक की हकीकत देखें तो यही वंदे भारत एक्सप्रेस मथुरा में तीसरे ट्रायल में ही नीलगाय से टकरा गयी थी। इसके बाद वंदे भारत गुजरात के अतुल रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के सामने बैल आ जाने से टक्करा गयी। इससे ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया था। यही तीव्र गति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गांधीनगर से जाते समय वडोदरा सेक्शन में आनंद स्टेशन के पास ट्रेन के आगे गाय आने से टकरा गयी। उसी तरह एक बार वंदेभारत अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पास भैंसों के झुंड से टकरा गयी थी। इस हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई थी और ट्रेन का सामने का हिस्सा टूट गया था। दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बार तकनीकी त्रुटि आने के बाद ट्रेन के पहिए जाम हो गये थे। तब ट्रेन लगभग 5 घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही। बाद में यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक भेजा गया । क्या वनदे भारत के रेल ट्रैक को पूर्ण सुरक्षित रेल ट्रैक कहा जा सकता है ? उधर वंदे भारत से भी आगे बढ़कर देश तीव्रगामी बुलेट ट्रेन की भी प्रतीक्षा कर रहा है। जापानी प्रधानमंत्री के साथ तीव्रगामी बुलेट ट्रेन के 'समझौता शो' को भी देश देख ही चुका है। इन परिस्थितियों में सबसे अहम सवाल यह है कि जब देश की अधिकांश रेल लाइनें खुली हुई हैं।

**■ निर्मल रानी**

# राहुल विदेशों में बढ़ती साख को बट्टा लगा रहे हैं

***कांग्रेस*** नेता राहुल गांधी भारत में मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे विदेश की धरती पर मोदी विरोध के चलते जिस तरह के गलत बयान देते रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान नेता बनेंगे? विदेश में कांग्रेस की यात्राओं के माध्यम से वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वस्तरीय नेता की छवि को धुंधला कर स्वयं को उस स्तर का नेता साबित करने में जुटे हैं। जबकि मोदी की छवि एवं हस्ति, प्रसिद्धि एवं सर्वस्वीकार्यता विश्व के किसी भी नेता की तुलना में ज्यादा है। अन्य देशों की बात दूर, वे अभी भारत में भी जिम्मेदार नेता नहीं बन पाये हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। एक प्रांत में क्या जीत हासिल कर ली, अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। इनदिनों की अपनी अमेरिका की यात्रा में राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस को आड़े हाथ लिया। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने ये भी कहा कि देश में आज मुसलमान ही नहीं, सभी अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस तरह के बयानों से मोदी एवं आरएसएस से ज्यादा भारत की बदनामी हो रही है, लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं। ये पहली बार नहीं है। लंदन की यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी अपने बयानों से इसी तरह घिर गये थे। अमेरिका में उन्होंने केरल में अपने सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि उसमें कुछ भी गैर सेक्युलर नहीं है। इसका मतलब है कि उनकी नजर में वह पक्के तौर पर पंथनिरपेक्ष है। उनका यह बयान जीती मक्खी निगलने जैसा और पंथनिरपेक्षता का उपहास है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांप्रदायिक चरित्र पर इस तरह की बातों से पर्दा पड़ने वाला नहीं है। वह जिन्ना की मुस्लिम लीग से अलग नहीं है, क्योंकि सच यही है कि विभाजन के बाद उसका गठन जिन्ना के समर्थकों ने ही किया था। आखिर राहुल गांधी किस मुंह से ऐसे सांप्रदायिक और विभाजनकारी अतीत वाले दल को पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण पत्र दे रहे हैं? वे देश की एकता एवं अखण्डता को साम्प्रदायिक संकीर्णता से खण्डित करने की कोशिश करते हुए कब क्या कर जाएं, कहां नहीं जा सकता। हैरानी नहीं कि कल को वह बंगाल के घोर सांप्रदायिक और नफरती इंडियन सेक्युलर फ्रंट को भी पंथनिरपेक्ष होने का प्रमाण दे दें, क्योंकि कांग्रेस ने पिछला विधानसभा चुनाव उसके साथ मिलकर ही लड़ा था। कांग्रेस एवं उनके नेता राहुल का स्वभाव ऐसा हो गया है कि वे तिल को ताड़ एवं राई को पहाड़ बनाकर प्रस्तुति देते हैं, यह उनके दृष्टिकोण का दोष एवं अहंकार है। 'डूंगर बलती दीखे, घर बलतो कोनीं दीखे' इस कहावत के अनुसार अपनी हरकतों एवं रसातल में जाते जन-बल से आंख मूंदकर दूसरे में दोष देखना कांग्रेस का सहज स्वभाव हो गया है। कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति आजादी मिल जाने एवं देश के दो टूकडे. हो जाने के बावजूद कायम रही, इसीलिये बंटवारे के बाद कांग्रेस के नेताओं के सांप्रदायिक सोच से नाराज होकर सरदार पटेल ने यह कहकर उन्हें चेताया था कि दो घोड़ों की सवारी मत कीजिए। एक घोड़ा चुन लीजिए और जो पाकिस्तान जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। सरदार पटेल ने यह कहने में भी संकोच नहीं किया था कि लीग के जो समर्थक महात्मा गांधी को अपना दुश्मन नंबर एक बताते थे, वे अब उन्हें अपना दोस्त कह रहे हैं। भले ही संकीर्ण वोट बैंक की सस्ती राजनीति के चलते आज की कांग्रेस यह सब याद न रखना चाहती हो, लेकिन देश की जनता यह सब नहीं भूल सकती। देश की जनता मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क का महसूस कर रही है। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल विदेशों में भारत की बढ़ती साख एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे हैं जबकि मोदी ने न केवल अपनी सरकार के दौरान भारत में आए बदलावों की सकारात्मक तस्वीरें विदेशी मंच पर पेश कीं, बल्कि दुनिया की समस्याओं को लेकर भी अपनी समाधानपरक सोच रखी। इसलिये उन्हें विश्व नेता के रूप में स्वीकार्यता मिल रही है। किन्हीं एक दो प्रांतों में हार की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी, उनके रणनीतिकारों और विदेशों में कांग्रेस के संचालकों का नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन विदेश में देश की खराब छवि पेश कर और नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं! राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने बातों-बातों में यह भी कह दिया कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है।

**केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने ये भी कहा कि देश में आज मुसलमान ही नहीं, सभी अल्पसंख्यक, दलित और आदिवासी डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस तरह के बयानों से मोदी एवं आरएसएस से ज्यादा भारत की बदनामी हो रही है, लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं।**

**■ ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### मां की हत्या कर शव सेफ्टी टैंक में फेंका, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**अलीपुरद्वार।** जिले के फालाकाटा वार्ड नंबर-13 के मिल रोड इलाके में एक अधेड़ महिला की हत्या का आरोप उसके बेटे पर लगा है। शनिवार को पुलिस ने आरोपित बेटे बप्पा चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया। उस पर अपनी मां की हत्या कर शव को सेफ्टी टैंक में छुपाने का आरोप है। मृतक की पहचान माया चटर्जी (65) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते बप्पा चटर्जी ने अपनी मां की हत्या कर शव को शौचालय के सेफ्टी टैंक में फेंक दिया था। पुलिस ने घर के सेफ्टी टैंक से शनिवार को माया चटर्जी का शव बरामद कर लिया है। घटना के संबंध में वार्ड पार्षद मनोज साहा ने बताया कि बहुत दिनों से मां के साथ बेटे का जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी को लेकर बप्पा चटर्जी ने मां की हत्या कर अपराध छुपाने के लिए शौचालय के सेफ्टी टैंक में शव फेंक दिया। उन्होंने कहा कि यह काफी जघन्य अपराध है। आरोपित बाप्पा चटर्जी को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

### पटना में अलग-अलग दुर्घटना में तीन की मौत

**पटना।** राजधानी पटना से सटे दानापुर में शनिवार को तीन अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी है। शहर के शाहपुर व रूपसपुर थाना क्षेत्र में ये दुर्घटनाएं घटी हैं। शाहपुर थाना क्षेत्र शिवाला मोड़ एक सड़क हादसे में 5 वर्षीय बालक की मौत हो गयी। राजेश राय का 5 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार अपनी तीन बहनों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने बालक को कुचल डाला जिसमें उसकी मौत हो गयी। दूसरी घटना शाहपुर थाना क्षेत्र की है जहां ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर हो गई। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। यह घटना दाउदपुर मस्जिद के पास की है। मृतक की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के भतहेरी गांव निवासी देव शरण राय के 45 वर्षीय पुत्र नागेंद्र राय के रूप में हुई है। तीसरी घटना रूपसपुर थाना क्षेत्र में ही घटी। यहां आरपीएस मोड़ के समीप बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार को धक्का मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया और जख्मी को इलाज के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेजाण लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

### खदान की मिट्टी धंसने से महिला और किशोरी की मौत, चार को बचाया

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके के बालमपुर गांव में तालाब किनारे मिट्टी खोद रही महिलाएं खदान की मिट्टी धंसकने से उसके नीचे दब गईं। इनमें से चार महिलाओं को स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की टीम ने सुरक्षित निकाल लियाए जबकि एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई। ये सभी महिलाएं घर पोतने के लिए तालाब किनारे पीली मिट्टी की खुदाई कर रही थीं, तभी मिट्टी का ढेर उनके ऊपर आ गिरा। एसपी देहात किरण केरकता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो गई थीं। घटना के दो घंटे के अंदर चार महिलाओं को रेस्क्यू कर लिया गया था। मिट्टी में अधिक देर तक दबे रहने के कारण एक महिला की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि दूसरी ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों के नाम फिरोजा बी (35) पत्नी अफजल और पिंकी आदिवासी (16) पुत्री गुड्डू आदिवासी बताए गए हैं। दोनों ही बालमपुर की रहने वाली हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाएं सात से आठ फीट तक गहरा गड्ढा खोद चुकी थीं। इसके बाद दो महिलाएं गड्ढे में उतरकर गिली मिट्टी खोदने लगीं। वे गीली मिट्टी खोद. खोदकर ऊपर खड़ी महिलाओं को देती जा रही थीं। गड्ढा खोखला हो चुका था और भरभराकर इसकी मिट्टी ढह गई। ऊपर खड़ी महिलाएं भी नीचे आ गिरीं और ऊपर से मिट्टी का मलबा उन पर गिर गया।

## सीएम शिवराज ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत की, कहा

# बेटियां बोझ नहीं, वरदान

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की गई है। यह मेरी अंतरात्मा से निकली योजना है। इससे बहनों का आत्मविश्वासए घर-परिवार और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। योजना में पात्र हितग्राही बहनों को हर माह 1000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज शाम जबलपुर से प्रदेश की एक करोड़ 20 लाख बहनों के खातों में एक- एक हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को भोपाल के स्मार्ट उद्यान में पौध.रोपण के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थक हो गया है।



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से बहनों के जीवन में नया बदलाव और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि आज मेरे जीवन का सबसे सुखद और महत्वपूर्ण दिन है। मां, बहन और बेटियों के कल्याण के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बेटियां अब बोझ नहीं, वरदान हैं। प्रदेश में बेटियों की शादी बोझ न रहेए इसके लिए सबसे पहले मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना लागू की गई थी। इसके बाद वर्ष 2006 में लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई, जिससे लिंगानुपात में सुधार आया है। वर्ष 2012 में एक हजार बेटों पर 912 बेटियां जन्म लेती थीं। अब यह अनुपात 956 हो गया है। बेटियों के जन्म लेने पर लोग अब खुशियां मनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय निकायों के निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। महिलाएं स्थानीय प्रशासन में अच्छी भागीदारी निभा रही हैं। बेटियों को पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत और शिक्षकों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महिलाओं के नाम पर मकानए जमीन एवं अन्य सम्पत्ति की खरीदी पर रजिस्ट्री शुल्क में छूट देने से महिलाओं के नाम रजिस्ट्री की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उधर, इस योजना पर सूबे में सियासत भी तेज हो गयी है। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा कि मध्य प्रदेश की नारी शक्ति को मैं विनम्र प्रणाम करता हूं। नारियों का सम्मान भारतीय परंपरा और कांग्रेस पार्टी की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन दुख की बात है कि शिवराज जी के 18 साल के शासन में प्रदेश में महिलाओं की स्थिति निरंतर खराब होती गई है। प्रदेश की पहचान महिलाओं पर अत्याचार की बनी हुई है। महिला स्वास्थ्य सूचकांक में प्रदेश की दयनीय स्थिति है। गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस ना मिल पाने के समाचार आए दिन आते रहते हैं। इस सारी स्थिति के लिए शिवराज सिंह चौहान सरकार ना सिर्फ जिम्मेदार है बल्कि यह उनका पाप है। महिलाओं से किए गए इसी पाप को धोने के लिए महिलाओं को कुछ आर्थिक सहायता देने का ढोंग शिवराज सरकार कर रही है। कमलनाथ ने कहा कि सबको पता है कि बहनों के नाम पर शुरू की गई योजना के नियम ऐसे बनाए गए कि एक करोड़ से अधिक महिलाएं पहले ही अपात्र हो गईं।

## सिलेंडर विस्फोट से लगी आग, तीन बच्चों की मौत

**एजेंसी। भिंड**

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में गोरमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दले का पुरा में शनिवार सुबह एक घर में जोरदार आवाज के साथ गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गयाए। जिससे पूरे मकान में आग लग गई। इस हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि दो महिलाओं समेत चार लोग बुरी तरह झुलस गए। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। गौरमी थाना पुलिस के अनुसार ग्राम दले का पुरा में एक घर में शादी की तैयारियां चल रहीं थी। शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे घर में रखा सिलेंडर लीक हो रहा था, जिससे उसमें अचानक विस्फोट हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से कमरे में फैल गई, जिसकी चपेट में परिवार के लोग आकर बुरी तरह झुलस गए। धमाका इतना तेज था कि मकान की छत उड़ गई। आग की चपेट में आने से तीन मासूम भाई-बहनों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग बुरी तरह झुलस गए। इन्हें उपचार के लिए गोरमी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर स्थिति में दो लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि गैस सिलेंडर में लीकेज के बाद आग लगी है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में हम यही मान रहे हैं लेकिन घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि हादसा कैसे हुआ। भिंड के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि हादसा अरविंद कडेरे के मकान में हुआ। इस हादसे में अरविंद के चार वर्षीय बेटे कार्तिकए 10 वर्षीय बेटी भावना और अरविंद की बहन की चार वर्षीय बेटी परी की मौत हो गई है।

## बिहार ही नहीं, पूर्वोत्तर की गति को शक्ति देगा फोरलेन व फ्लाईओवर : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। बेगूसराय**

विगत नौ वर्षों से सेवा और सुशासन के साथ बेमिसाल कार्य करने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार में ना केवल डॉ श्रीकृष्ण सिंह के सपनों को साकार किया है। बल्किए आधारभूत संरचना के मामले में विकास को ऐसी दिशा दी जो सिर्फ बिहार नहीं, पूर्वोत्तर भारत के गति को नई शक्ति देगा। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय के ध्वस्त हो चुके औद्योगिक संरचना को पुनर्जीवित किया। इसके साथ ही श्रीबाबू द्वारा बनवाए गए राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-31) को फोरलेन बनाकर यात्रा समय में कमी के साथ-साथ लंबी दूरी के यात्रियों को बड़ी सुगमता देने का प्रयास किया है। फोरलेन के साथ ही बनाया जा रहा एलिवेटेड फ्लाईओवर विकास के गति को परिलक्षित कर रहा है।



केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहते हैं कि बेगूसराय में एनएच-31 के ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप यह सड़क विपरीत परिस्थिति में सैन्य संचलनों में कारगर है। इसके फोरलेन होने से यहां ना केवल सीमावर्ती जिलों में यातायात को सुगमता मिली है। इससे अंतर्राज्यीय ट्रान्सपोर्टेशन में भी सहजता आई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी व्यापक परिवर्तन आया है। कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान रखने वाले बेगूसराय जिले का नार्थ ईस्ट के राज्यों तक व्यापार बढ़ा है।

सिमरिया से खगड़िया के बीच करीब एनएच-31 का 60 किलोमीटर खंड 567 करोड़ की लागत से फोरलेन में परिवर्तित किया जा रहा है। 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है और तेजी से कार्य कर 31 दिसम्बर 2023 तक इस परियोजना को पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है। सिमरिया में गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्वोत्तर भारत के अंतिम छोर और चीन की सीमा तक जाने वाले इस फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से ना केवल देश के बड़े महानगरों से सिक्स और फोरलेन वाली सड़कों से डायरेक्ट कनेक्टिविटी हो जाएगी। पटना जाना काफी आसान हो जाएगा। पूरब में खगड़िया हो चाहे, पश्चिम में पटना या दक्षिण का लखीसराय, कहीं भी जाने में यात्रा समय में बचत होगी।

### 13 जून को राज्य निर्वाचन आयोग की सर्वदलीय बैठक

**कोलकाता।** राज्य में पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही बढ़ती हिंसक घटनाओं और एक कांग्रेस नेता की मौत के बीच चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने 13 जून को यह बैठक बुलाई है। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन का दौर शुक्रवार से शुरू हो गया है। 15 जून तक नामांकन दाखिल हो सकेगा। विपक्ष ने एक सुर में कहा कि इतने कम समय में नामांकन दाखिल करने में दिक्कत हो रही है। कांग्रेसए भाजपा ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए मामला दायर किया है। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया है कि अगर इस समय सीमा को बढ़ाया जा सकता है तो आयोग को इस पर विचार करना चाहिए। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया कि नामांकन की समय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## पंचायत चुनाव: हिंसा पर शुभेंदु ने उठाए सवाल, कहा, ममता के हाथ खून से रंगे

**एजेंसी। कोलकता**

पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के पहले ही दिन शुक्रवार रात मुर्शिदाबाद के खरग्राम में कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर की गई हत्या पर भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य चुनाव आयोग पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा के हाथ खून से रंगे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने ट्विटर पर लिखा, सुबह बताता है कि दिन कैसा गुजरेगा। नामांकन के पहले दिन मुर्शिदाबाद के खरग्राम में तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने फूलचंद शेख को पंचायत चुनाव का पहला शिकार बनाया है। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा के हाथ खून से रंगे हैं। यह तो एक शुरूआत है। पश्चिम बंगाल के लोग अपने



आपको अब तक के सबसे बर्बर रक्तपात के लिए तैयार रखें क्योंकि कि राज्य चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के लोगों के जीवन से ऊपर अपने राजनीतिक हितों को रखने के लिए सांठगांठ की है। ममता की पुलिस कोई सुरक्षा नहीं दे पाएगी। उल्लेखनीय है कि विपक्ष पंचायत चुनाव की सुरक्षा केंद्रीय बलों की देखरेख में सौंपने की मांग पर अड़ा हुआ है। हालांकि कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्रीय बलों की तैनाती का फैसला राज्य सरकार पर छोड़ दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार तृणमूल कार्यकर्ता शनिवार सुबह से डोमकल बीडीओ कार्यालय परिसर में जुटने लगे थे। सुबह 10 बजे तक तृणमूल के लोग डोमकल प्रखंड कार्यालय परिसर में जमा हो गए। सुबह करीब 11 बजे जब वामपंथी और कांग्रेस के कार्यकर्ता-समर्थकों ने नामांकन दाखिल करने के लिए प्रखंड कार्यालय में घुसने की कोशिश की तो उन्हें कथित तौर पर रोक दिया गया। स्थानीय वाम नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि पूरे बीडीओ कार्यालय परिसर को तृणमूल के लोगों ने घेर लिया है। जबरन नामांकन पत्र जमा करने के प्रयास में झड़प हुई।

## भारत को बदनाम करने वाली शक्तियों को जवाब दें : चुघ

**एजेंसी। ग्वालियर**

बढ़ते भारत को देखकर वैश्विक स्तर पर शक्तियां भारत के खिलाफ षडयंत्र रच रही हैं। लेकिन दुर्भाग्य से भारत के कुछ राजनैतिक दल उन देश विरोधी शक्तियों के टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं। उनके नेता विदेशों में जाकर मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहे जाने वाले भारत के लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। हमें इन षडयंत्रों को समझना होगा। सतर्क और सजग होकर एक सैनिक की भांति सोशल मीडिया वारियर्स की भूमिका में आकर भारत की लड़ाई लड़नी पड़ेगी और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक सच ले जाना होगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के



उपलक्ष्य में शनिवार को ग्वालियर के महाराज बाड़ा स्थित टाउन हॉल में आयोजित सोशल मीडिया वारियर्स को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी जीतू जिराती, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर और जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने भी संबोधित किया।

तरुण चुघ ने कहा कि चंद लोग जिन्होंने अपनी ही पार्टी में लोकतंत्र समाप्त कर दिया और परिवारवाद, वंशवाद और भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाने का काम किया उन्हें जनता ने पूरी तरह नकार दिया। आज वही कुंठित मानसिकता के लोग इकट्ठा होकर देश में कमजोर और लंगड़ी सरकार लाने के मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। लेकिन देश की 135 करोड़ जनता ने तय किया है की देश में लंगड़ी नहीं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तगड़ी सरकार फिर से लाना है। चुघ ने कहा कि 2004 से 2014 तक जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो 10 जनपथ से सोनिया गांधी ने एक तानाशाह की तरह सरकार चलाई। यूपीए के 10 सालों में जब एक के बाद एक घोटाले होते थे तो सरकार के मंत्री या तो जेल में या बेल पर थे। कांग्रेस काल में भारत की छवि दुनिया में गिर चुकी थी। चारों और हताशा और निराशा का वातावरण था, तब देश की जन आकांक्षा के अनुरूप 26 मई को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। और लोकतंत्र के मन्दिर सदन की दहलीज पर शीश झुकाते हुए कहा कि मेरी सरकार गरीबों की सरकार हैए मेरी सरकार देश के नौजवानों और महिलाओं के सपने पूरे करने वाली सरकार है।

### मधुबनी में आम महोत्सव का भव्य आयोजन, लगी प्रदर्शनी

**मधुबनी।** जिला के पंडौल प्रखंड के सरिसब पाही में शनिवार को श्शआम महोत्सवश्श का भव्य आयोजन हुआ। गंगानाथ झा वाचनालय परिसर में वरीय पत्रकार मदन झा के संयोजन में शनिवार को आयोजित आम महोत्सव में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यहां के ग्रामीण परिवेश के अगल-बगल के गांव से विशेष किस्म की आम की प्रदर्शनी महोत्सव में लगायी गई। महोत्सव में फलों के राजा आम के विशिष्ट गुणों पर परिचर्चा प्रस्तुत की गई। समृद्ध किसानों और आम बगीचा बागवानी के शौकीन लोगों ने अलग. अलग किस्म की आम अपने साथ लाकर महोत्सव की शोभा बढ़ायी।

## योगी मॉडल की बात करना आश्चर्यजनक : मंत्री

**एजेंसी। पटना**

प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को यहां कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा बिहार में योगी मॉडल लागू करने की बात करना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि योगी मॉडल में पुलिस अभिरक्षा में हत्या जेल में हत्या एवं न्यायालय परिसर में हत्याएं हो रही हैं। जब अपराधी उत्तर प्रदेश पुलिस की सारी व्यवस्था एवं चौकसी को ध्वस्त करते हुए हत्याएं करते हैं, तो उसे सरकार की उपलब्धि के रूप में प्रचारित करना ही योगी मॉडल की विशेषता है। विजय चौधरी ने कहा कि दूसरी तरफए केन्द्र सरकार ही देश के सभी जिलों के ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता का सर्वेक्षण कराती है तो श्रेष्ठ पांच जिलों में चार जिले बिहार के होते हैं। जीविका समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की बात आती है तो बिहार के नीतीश मॉडल को केन्द्र सरकार नजीर मानती है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हर गरीब के झोपड़ी तक बिजली पहुंचाने के मामले में केन्द्र सरकार भी नीतीश मॉडल का अनुसरण करती है। नीतीश मॉडल के कारण ही 2020 में कम सीटें आने के बावजूद भाजपा ने दबाव देकर नीतीश को ही मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन बिहार भाजपा के नेताओं को नीतीश कुमार के अंध विरोध में ये सारी चीजें नजर ही नहीं आती।

## पहल | मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना बना रही है बेटियों को शिक्षित

# श्रमिक की बेटी सरकारी पैसे से कर रही पढ़ाई

**एजेंसी। धमतरी**

मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना मजदूरों के बेटियों के लिए बनी हुई है। इस योजना के तहत अब तक जिले के 1999 हितग्राही लाभान्वित हो चुकी है। वहीं योजना के लिए कुल 4112 आवेदन मिले हैं। योजना की राशि को कई मजदूरों की बेटियां पढ़ाई-लिखाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों आदि के लिए कर रही है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना से मजदूरों की बेटियां शिक्षित व सक्षम बन रही है। इस पहल न सिर्फ वंचित वर्ग की बेटियों को लाभ हो रहा है, बल्कि उनके परिवार को भी आर्थिक रुप से संबल मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस पहल से राज्य के सर्वांगीन विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। ऐसे कई बेटियां हैं जो परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती हैं और बीच में जीविकोपार्जन में लग जाती हैं।

श्रम विभाग में संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से जिले के कई श्रमिक वर्ग की बेटियां लाभान्वित हो रही है। इस योजना का लाभ लेने वाली धमतरी शहर की पेशे से मजदूर लोकेश्वरी यादव बताती है कि उनके पति की मृत्यु के बाद उन्हें ऐसा लगा कि मानो दुखों का पहाड़ टूट गई हो, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दृढ़ निश्चय कर बच्चों की परवरिश और पढ़ाई कराकर उन्हें आगे बढ़ाने की मन



में ठान ली। ऐसा सोच लोकेश्वरी मेहनत-मजदूरी करने लगी थीए लेकिन लोक सेवा केन्द्र से मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना की जानकारी मिली। लोकेश्वरी ने बिना देरी किए तत्काल आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और उनका आवेदन स्वीकृत हो गई। विभाग से मिले इस राशि से लोकेश्वरी ने अपनी बेटी साक्षी को बीकाम प्रथम वर्ष में दाखिला दिलाया। अब श्रमिक की बेटी सरकारी पैसे से शिक्षा प्राप्त कर रही है।

लोकेश्वरी ने बताया कि इससे पहले वे अपनी बड़ी बेटी को नर्सिंग की पढ़ाई कराने जमीन का हिस्सा बेच डालीं। लोकेश्वरी ने यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से उसे प्रतिमाह विधवा पेंशन भी प्रदाय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत जिले में कुल 4112 आवेदन मिले तथा एक हजार 999 हितग्राहियों को कुल तीन करोड़ 99 लाख 80 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

**योजना के लिए जरूरी है यह दस्तावेज:** इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक श्रमिक को छत्तीसगढ़ का स्थाई निवासी और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ एक परिवार की केवल दो बेटियों को ही मिलेगा। योजना के माध्यम से राज्य के गरीब परिवार की बेटियों को 20.20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती हैए ताकि इस पैसे का इस्तेमाल बेटियों की पढ़ाई अथवा शादी में किया जा सकें।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किशोरी की हत्या

**नादिया।** नदिया जिले के होगोलबेरिया थानांतर्गत सोंदलपुर इलाके में एक व्यक्ति पर एक लड़की की धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि लड़की ने आरोपित से शादी करने से इनकार कर दिया था। स्थानीय लोगों ने रक्तरंजित किशोरी को करीमपुर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपित ब्रजेन मंडल (45) नामक व्यक्ति ने थाने में सरेंडर कर दिया। इधर घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आरोपित का घर जला दिया।

सूत्रों के मुताबिक पीड़िता जमशेदपुर हाईगर्ल्स स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। आरोप है कि जब वह निजी ट्यूशन से घर लौट रही थी तो ब्रजेन मंडल नाम के व्यक्ति ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया।

# अलेक्जेंडर का मुकाबला जोकोविच से



**एजेंसी। पेरिस**

पिछली सफलताओं का अनुकरण करना कभी आसान नहीं होता है, लेकिन कैस्पर रुड ने विगत शुक्रवार को रौलां गैरो में इसे वैसा ही बना दिया। नार्वे के खिलाड़ी ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सेमीफाइनल में 6-3, 6-4, 6-0 से जीत दर्ज की और फाइनल में उनका मुकाबला पूर्व नंबर एक सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। रुड, जो एक साल पहले पेरिस में और 2022 यूएस ओपन में फाइनलिस्ट थे, ने ज्वेरेव को अभिभूत करने और कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर दो घंटे, नौ मिनट की जीत हासिल करने के लिए अपने ट्रेडमार्क क्लीन बेसलाइन खेल का प्रदर्शन किया। रूड ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, ₹ईमानदारी से मैं बस वहां गया था और बहुत अधिक भावनाओं के बिना खेलने की कोशिश की थी। अगर यह टूनामेंट के अंत की ओर है, तो आज यहां खेलने वाले हर किसी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने बिना दबाव के खेलने की कोशिश की, बिना ज्यादा सोचे, और बहुत अधिक भावना के साथ नहीं खेलने की कोशिश की। आज का दिन वास्तव में अच्छा गया। शुरूआत से लेकर आखिरी बिंदु तक सब कुछ मेरे हिसाब से चल रहा था, सौभाग्य से, और मैं इस मैच को जीतकर बहुत खुश हूं। रुड ने रविवार के चैंपियनशिप मैच में अपना स्थान बुक करने के लिए अर्जित 10 ब्रेक प्वाइंट में से छह को भुनाया, जहां वह अपने पहले प्रमुख खिताब के लिए खेलेंगे। वहां उनके प्रतिद्वंद्वी दो बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच होंगे, जिन्होंने इससे पहले कार्लोस अल्काराज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया था। रूड वर्ष में 16-11 के मामूली रिकॉर्ड के साथ रौलां गैरो पहुंचे थे, लेकिन 2023 की कठिन शुरूआत के बाद उन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में वापसी के हालिया संकेत दिखाए थे। 24 वर्षीय ने अप्रैल में एस्टोरिल में अपना 10वां एटीपी टूर खिताब जीता था। वह मई में रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे और पेरिस में उन्होंने अपने तीसरे प्रमुख फाइनल के रास्ते में सिर्फ दो सेट गंवाए। अप्रैल में मियामी में तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रूड पेपरस्टोन एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में 83वें स्थान पर थे, लेकिन अब वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं क्योंकि वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में लगातार तीसरी बार उतरने की तलाश में हैं।

## फीफा महिला रैंकिंग में अमेरिका शीर्ष पर बरकरार



**जेनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ताजा महिला रैंकिंग में अमेरिका शीर्ष पर बना हुआ है जबकि शीर्ष पांच टीमों में भी कोई बदलाव नहीं आया है। समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, स्वीडन, इंग्लैंड और फ्रांस रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमें हैं, रैंकिंग को तीन महीने के बाद ताजा किया गया है। इस अवधि के दौरान कुल 101 अंतर्राष्ट्रीय खेल खेले गए क्योंकि टीमें ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड में आगामी फीफा महिला विश्व कप की तैयारी कर रही हैं, जो 20 जुलाई से शुरू होना है। अप्रैल में यूरोपीय दौरे के दौरान टीम के स्विट्जरलैंड के साथ 0-0 से बराबरी करने और स्पेन से 3-0 से हारने के बाद चीन 13वें से 14वें स्थान पर आ गया है।

# एशियाई खेलों में तभी भाग लूंगी जब मसला सुलझ जाएगा : साक्षी मलिक

**नवीन मेल संवाददाता। सोनीपत**

पहलवानों के मुद्दों को सुलझाने के लिए चल रही बातचीत के बीच पहलवान साक्षी मलिक ने शनिवार को कहा कि जब तक मामला पूरी तरह से सुलझ नहीं जाता, वे एशियाई खेलों में भाग नहीं लेंगी। सोनीपत में संवाददाताओं से बात करते हुए मलिक ने कहा कि कोई नहीं समझ सकता कि पहलवान रोज मानसिक रूप से किस स्थिति से गुजर रहे होते हैं। 30 वर्षीय पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के इस्तीफे की मांग कर रहे पहलवानों के लिए भविष्य की रणनीति तय करने के लिए महापंचायत में भाग लेने सोनीपत पहुंचीं। साक्षी ने कहा, हम



एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। आप नहीं समझ सकते कि यह मानसिक रूप से कितना थका देने वाला है और हम हर रोज किस स्थिति से गुजर रहे हैं। साक्षी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एशियाड के लिए ट्रायल इसी महीने में होने वाले हैं। विरोध में शामिल लोगों सहित सभी पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने और एशियाई खेलों के लिए भारत की टीम में अपनी जगह अर्जित करने की आवश्यकता है, जो 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक हांगझाऊ, चीन में आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले बुधवार को साक्षी ने बजरंग पूनिया और अन्य लोगों के साथ केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके घर पर मुलाकात की थी और कहा था कि सरकार ने पुलिस जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का समय मांगा है। साक्षी ने 'आईएएनएस' से कहा, सरकार ने पुलिस जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का समय मांगा है। वह कुश्ती से संबंधित हमारे अधिकांश प्रस्तावों पर सहमत हो गई है।

## पेरिस डायमंड लीग : मुरली श्रीशंकर लंबी कूद में तीसरे स्थान पर रहे



**पेरिस।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने यहां पेरिस डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 8.09 मीटर की प्रभावशाली कोशिश के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। मुरली ने अपने तीसरे प्रयास में शुक्रवार रात की अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। 8.09 मीटर के प्रयास ने उन्हें दूसरे स्थान पर रखा, केवल मौजूदा ओलंपिक और डायमंड लीग चैंपियन ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू से पीछे, जिन्होंने 8.13 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग जीती। हालांकि, चौथे प्रयास में मुरली के एक फाउल और स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर द्वारा 8.11 मीटर की छलांग ने भारतीय लॉन्ग जम्पर को तीसरे स्थान पर धकेल दिया।

# अर्जेंटीना की चीन पर रोमांचक जीत

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने नीदरलैंड को रौंदा



**एजेंसी। लुसाने (स्विट्जरलैंड)**

अर्जेंटीना की महिलाओं ने आइंडहोवन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में चीन को रोमांचक अंदाज में 2-1 से हरा दिया जबकि हॉकी के दो दिग्गजों के बीच मुकाबले में, ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड को 7-2 से रौंद दिया। चीन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में अधिक कब्जे और अधिक क्षेत्र के साथ पहले हाफ में दबदबा बनाया, लेकिन किसी भी कीपर को बहुत अधिक दबाव में नहीं रखा गया क्योंकि दोनों टीमें कुछ ही बार सर्कल में घुस पायीं। अर्जेंटीना को तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में एक और गियर मिला, जो गेंद पर बेहतर और एक टीम के रूप में अधिक सामंजस्यपूर्ण दिख रहा था। उन्हें उनके प्रयासों का फायदा मिला जब विक्टोरिया साउज ने 25 गज की दूरी से गेंद को मारा जो डेल्फीना थोम की हॉकी से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया। अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त मिल गयी। चीन ने तीसरे क्वार्टर के अंतिम कुछ मिनटों में सकारात्मक खेल के साथ खेल में वापसी की लेकिन कोई गोल नहीं कर सकीं। चीन ने अंततः चौथे क्वार्टर में बराबरी का गोल दागा। झांग सियाओसूए ने सर्कल में अपना रास्ता बनाया और एक शॉट लिया जिसे कीपर ने बचा लिया लेकिन गेंद फिर रिबाउंड होकर उनके पास वापस आ गयी। इस बार उन्होंने बराबरी का गोल दाग दिया।

## मुख्य कोच थॉमस ब्रडरिक ने छोड़ा चेन्नईयिन एफसी का साथ

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी और कोच थॉमस ब्रडरिक ने फुटबॉल सीजन 2022-23 के समापन के बाद अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। क्लब ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। ब्रडरिक के नेतृत्व में चेन्नई ने 28 मैच खेले, जिसमें दस में टीम को जीत मिली, आठ मैच ड्रॉ रहे और 10 में हार मिली। इस अवधि में, टीम ने 53 गोल किए और 52 गोल खाए। पूर्व जर्मन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ब्रडरिक ने डूरंड कप के दौरान क्लब में अपना कार्यकाल शुरू किया, जहां टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। वह हीरो इंडियन सुपर लीग के दौरान भी प्रभारी थे, जहां चेन्नई की टीम 27 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रही। चेन्नईन एफसी ने कोच थॉमस को उनके योगदान और जुनून के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें अपने भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। क्लब जल्द ही 2023-24 सीजन के लिए मुख्य कोच पर निर्णय लेगा।

# एशियाई खेलों से पहले महिला टीम जर्मनी व स्पेन का दौरा करेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला सीनियर हॉकी टीम इस साल जुलाई में जर्मनी दौरे के आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए फ्रैंकफर्ट जाएगी। सप्ताह भर के दौरे के दौरान, भारतीय महिला टीम पहले रसेलशेम, फ्रैंकफर्ट में प्रशिक्षण लेगी, जिसके बाद जर्मन और चीनी राष्ट्रीय टीमों के खिलाफ टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। जर्मनी में इस एक्सपोजर दौरे के बाद, टीम भारत वापस जाने से पहले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और स्पेन के खिलाफ चार देशों के टूनामेंट को खेलने के लिए टेरासा, स्पेन जाएगी। जर्मन दौरा भारतीय टीम को आगामी एशियाई खेलों की तैयारी में मदद करेगा, जो हॉकी के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन इवेंट भी है। एक बयान में कहा गया, राष्ट्रीय खेल महासंघ योजना के लिए युवा मामलों और खेल मंत्रालय की सहायता के तहत अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर टूर को वित्त पोषित किया जा रहा है और इसमें टीम और सहायक कर्मचारियों की हवाई यात्रा लागत, वीजा शुल्क, बोर्डिंग और लॉजिंग लागत, भोजन खर्च, स्थानीय खर्च शामिल होंगे।

# वेस्ट इंडीज ने यूएई टीम को 3-0 से क्लीन स्वीप किया



**एजेंसी। शारजाह**

एलिक अथानाज ने वेस्टइंडीज के लिए धमाकेदार और रिकॉर्ड-बराबरी करने वाले अर्धशतक के साथ शानदार शुरूआत करते हुए यहां शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे वनडे में संयुक्त अरब अमीरात पर चार विकेट से जीत और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप दिला दी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के क्रुणाल पांड्या द्वारा बनाए गए एकदिवसीय पदार्पण के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अथानाजे ने अपनी पहली 11 गेंदों का सामना करते हुए 30 रन बनाए, और 45 गेंदों में 65 रन बनाए, क्योंकि वेस्टइंडीज ने विगत शुक्रवार रात श्रृंखला स्वीप को पूरा करने के लिए 89 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात के 185 के लक्ष्य का सफल पीछा किया। 24 वर्षीय अथानाजे को भारत के भविष्य के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल से आगे अंडर19 विश्व कप 2018 में सर्वाधिक 418 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरूआत के लिए इंतजार करना पड़ा। अथानाजे को अभी वेस्टइंडीज के लिए एक टेस्ट या टी20 में भाग लेना है, लेकिन अब उन्हें राष्ट्रीय सेटअप के लिए एक रोमांचक संभावना के रूप में देखा जा रहा है। वेस्टइंडीज ने भी केविन सिंक्लेयर को श्रृंखला में पहली बार बड़ी सफलता के लिए लाइन-अप में बुलाया, क्योंकि ऑफ स्पिनर ने 7.1 ओवर में 4/24 लिया। 23 वर्षीय ने रमीज शहजाद (27) को यूएई के 142/3 के स्कोर पर आउट कर दिया और इसके तुरंत बाद वृत्य अरविंद (70) का महत्वपूर्ण विकेट निकाल दिया।

## भारत के सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर बने रवींद्र जडेजा

**लंदन।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में देश के सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व स्पिनर बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ दिया है। जडेजा ने यह उपलब्धि शुक्रवार को ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में, जडेजा ने पहले स्टीव स्मिथ (34) और ट्रैविस हेड (18) के विकेट लिए। उन्होंने नौ ओवरों में 2/25 के आंकड़ों के साथ दिन का अंत किया। जडेजा ने अब 65 टेस्ट मैचों में, 24.25 के औसत और 2.44 के इकोनॉमी दर से 267 विकेट लिए हैं, जबकि बिशन सिंह बेदी के नाम 67 मैचों में 266 विकेट हैं। कुल मिलाकर, जडेजा चौथे सबसे सफल बाएं हाथ के स्पिनर है। वह श्रीलंका के रंगना हेराथ (93 मैचों में 433), डैनियल वेटोरी (113 मैचों में 362) और इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड (86 मैचों में 297 विकेट) के पीछे हैं।

# उदयपुर के प्रणय और बीकानेर की युक्ति ने जीते गोल्ड मेडल

**एजेंसी। जयपुर**

66वें नेशनल स्कूली गेम्स में नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में खेले गए शतरंज के मुकाबलों में राजस्थान के स्कूली शिक्षा विभाग की टीम के दो खिलाड़ियों उदयपुर के प्रणय चौर्डिया (द स्टडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बाड़ी, उदयपुर) एवं बीकानेर की युक्ति हर्ष (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हर्षों का चौक, बीकानेर) ने व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। स्कूल गेम्स फैडरेशन आफ इंडिया के बैनर तले शतरंज के मुकाबलों में पहली बार शिरकत कर रही राजस्थान की टीम के ये दो युवा सितारे, छात्र और छात्रा वर्ग में अपने-अपने बोर्ड पर अविजित रहे। प्रणय चोर्डिया ने जहां प्रथम बोर्ड पर



प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी छह राउंड की बाजियों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूरे छह अंक हासिल किए, वहीं युक्ति हर्ष ने पांच बाजियों में से तीन में जीत और दो ड्रा के साथ 4 अंक अर्जित करते हुए व्यक्तिगत स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद के शतरंज मुकाबलों में राजस्थान की टीमों ने छात्र वर्ग में कोच हर्ष वर्द्धन हर्ष व मैनेजर किशन लाल व्यास तथा छात्रा संवर्ग में कोच महादेव चौधरी और मैनेजर कृष्णा आचार्य के निर्देशन में भाग लिया। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव और स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने नेशनल स्कूल गेम्स में प्रणय और युक्ति को प्रदेश के लिए व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई देते हुए, भविष्य में ऐसी ही और सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों में ह्यनो बैग डेह्य और ह्यचैस इन स्कूलह्य एक्टिविटीज के नवचार लागू किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवम्बर 2022) को प्रदेशभर में ह्यचैस इन स्कूल एक्टिविटीह्य के तहत सरकारी विद्यालयों के 38 लाख 21 हजार 9 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स में भी दर्ज किया गया।

**सफलता** 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के करीब पहुंचे जोकोविच ने कहा-

# अब हमारी नजरें अगला मैच जीतने पर



**एजेंसी। पेरिस**

सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 23वीं मेजर ट्रॉफी की एक जीत के भीतर पहुंच गए हैं। वह अब बस अगला मैच जीतने के बारे में सोच रहे हैं। जोकोविच ने शुक्रवार को शारीरिक रूप से बीमार स्पैनियार्ड से पहले दो सेटों की धमाकेदार शुरूआत के बाद चार सेटों में जीत हासिल की और इतिहास के कगार पर पहुंच गए। ग्रैंड स्लैम खिताब की दौड़ में राफेल नडाल से आगे निकलने के लिए रविवार के फाइनल में सर्बियाई का सामना कैस्पर रूड से होगा। एटीपी टूर ने जोकोविच के हवाले से कहा, ₹दबाव हमेशा मेरे कंधों पर होता है, इसलिए यह अलग नहीं होने वाला है। लेकिन यह मेरे खेल का हिस्सा है, मेरे जीवन का हिस्सा है, जो मैं करता हूं। मुझे लगता है कि दबाव होना एक विशेषाधिकार है। लेकिन यह प्रेरणा का स्रोत है, जैसा कि अच्छा खेलने और रविवार तक पहुंचने के लिए महान प्रेरणा। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट से पहले मैं कह रहा था कि निश्चित रूप से मेरे लिए रौलां गैरो एक ग्रैंड स्लैम है, और यह इस सतह पर सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इसलिए मैं अच्छी तरह से तैयार था ताकि मैं इस स्थिति में रह सकूं, ताकि मैं तैयार रह सकूं इस दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने के लिए। जोकोविच ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगा। अब मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत फोकस्ड हूं। इतिहास हमेशा मेरे ऊपर मंडराता रहता है, लेकिन मैं इस खेल का इतिहास लिखने की स्थिति में आकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैं सिर्फ अगला मैच जीतने के बारे में सोच रहा हूं। जोकोविच ने अल्काराज के खिलाफ पेरिस में पखवाड़े के अपने सर्वश्रेष्ठ टेनिस का प्रदर्शन किया, लेकिन स्पैनियार्ड ने सेमीफाइनल को एक-सेट-ऑल पर बराबर करने के लिए वापसी की, जब वह एक क्रैम्प के शिकार हो गए जिससे कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर उनका मूवमेंट गंभीर रूप से बाधित हो गया। सच्ची चैंपियन शैली में, जोकोविच मैच में एक आरामदायक जीत हासिल करने के लिए अपने खेल पर केंद्रित रहे, जो रौलां गैरो क्लासिक बनने के लिए तैयार लग रहा था।

## मंगोलिया पर मिली जीत से स्टिमैक ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को सराहा

**भुवनेश्वर।** इंटरकांटिनेंटल कप 2023 के उद्घाटन मैच में मंगोलिया के खिलाफ मिली 2-0 की जीत के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने भारतीय फुटबॉल टीम के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की है। मैच के बाद के प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टिमैक ने कहा, ₹हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं। हमने जो कुछ चाहा, वह किया। लड़कों ने पिच पर अपने समय का आनंद लिया, गेंद को पास किया, मौके बनाए और गोल किया। हम कुछ और गोल कर सकते थे, क्योंकि ऐसा करने के लिए हमें पर्याप्त मौके मिले, कुल मिलाकर इस जीत से मैं खुश हूं। उन्होंने आगे कहा, मंगोलियाई टीम ने अच्छी तरह से बचाव किया। वे मैच के मध्य भाग में अच्छे थे, लेकिन हमें परेशान नहीं कर सकते थे क्योंकि हमारे पास अपूया और थापा जैसे शानदार मिडफील्डर थे, जो गेंद पर बहुत आश्वस्त हैं। हम जानते थे कि यदि हमारे पास अच्छे होंगे तो गोल के अवसर मिलेंगे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यायालय ने कानून की विदेशी डिग्री धारकों से संबंधित याचिका का किया निस्तारण



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विदेशी डिग्री धारक भारतीय नागरिकों के लिए अर्हता परीक्षा के परिणाम घोषित करने के संबंध में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका का निस्तारण कर दिया है। न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ को बताया गया कि परीक्षा परिणाम सात जून को घोषित किये जा चुके हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय को बताया कि कानून की विदेशी डिग्री धारक भारतीय नागरिकों के लिए 18वीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया क्वालिफाइंग एग्जामिनेशन के परिणाम सात जनू 2023 को प्रकाशित किये जा चुके हैं। पीठ ने कहा, इसे ध्यान में रखते हुए मौजूदा याचिका पर सुनवाई की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि सात जून को याचिकाकर्ता अंचिता नय्यर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा था कि यदि इस महीने परिणाम अधिसूचित नहीं किये जाते हैं तो 75 से अधिक उम्मीदवार इस साल के अंत में होने वाली ऑल इंडिया बार काउंसिल परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सितंबर-अक्टूबर में यह परीक्षा आयोजित किये जाने की संभावना है। यह परीक्षा कानून के डिग्री धारकों को वकालत करने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने के वास्ते आयोजित की जाती है।

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किया प्रहार

# ‘देश की सीमा सुरक्षित हुई है’

**एजेंसी। पाटण/अहमदाबाद**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पाटण में आयोजित जनसभा में विकास कार्यों के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्ष विकास और डिजिटल इंडिया का था। 9 साल के दौरान देश में बहुत परिवर्तन आया है। भारत की सीमा और सेना के साथ कोई छेड़खानी नहीं कर सकता। देश की सीमा सुरक्षित हुई है। इसके बावजूद कांग्रेस कुछ सीखती नहीं। राहुल पर वार करते हुए शाह ने कहा कि



राहुल बाबा विदेश वैकेशन में गए हैं और विदेश में जाकर भारत की निंदा करते हैं। विदेश जाकर देश की राजनीति की चर्चा कर उसकी निंदा करना किसी नेता के लिए शोभा नहीं देता।

पाटण जिले के सिद्धापुर में आयोजित सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कोई मानता नहीं था कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जा सकता है। राहुल बाबा कहते थे कि कश्मीर में खून की नदियां बहेगी। राहुल बाबा कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन अब तारीख आ गई है। राहुल बाबा श्रद्धा है तो टिकट तैयार रखें। अमित शाह ने कहा देश में पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया गया है। संसद के नए भवन का विरोध किया गया। सेंगोल का भी विरोध हुआ। नेहरू को सेंगोल स्थापित करना था। इसे प्रधानमंत्री ने किया। विपक्ष की विरोध करने की राजनीति है, मोदी की विकास की राजनीति है। पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार के 10 साल का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने 10 साल में 12 लाख करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया।

### पीएम आज करेंगे देश के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 10:30 बजे प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र में देश के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। वो कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। यह जानकारी आज प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दी। पीएमओ की विज्ञप्ति के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी, प्रशासनिक सेवा के क्षमता निर्माण के माध्यम से, देश में शासन प्रक्रिया और नीति कार्यान्वयन में सुधार के समर्थक रहे हैं। इस विजन के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय प्रशासनिक सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम 'मिशन कर्मयोगी' की शुरूआत की गई, ताकि सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ, भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशासनिक सेवा तैयार की जा सके।

## राजस्थान : कुल्फी खाने से बच्चे सहित 60 लोग बीमार

### उल्टी-दस्त की शिकायत

**एजेंसी। राजस्थान**

राजस्थान के अलवर में कुल्फी खाने से बच्चे सहित करीब 60 लोग बीमार पड़ गये। सभी को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। आनन-फानन में सभी को राजगढ़, रैणी और बांदीकुई अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने सभी को अलवर और जयपुर रेफर कर दिया है। जिससे सभी ने कुल्फी खरीदी थी, उसकी कुल्फियों का सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ थाना क्षेत्र के खुर्द गांव में शाम पांच बजे के बाद कुल्फी बेचने वाला



आया था। गांव के बच्चे सहित अन्य लोगों कुल्फी खायी। कुल्फी खाने के दो से तीन घंटे के बाद सभी को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। जिसके बाद सभी को अलवर, बांदीकुई और राजगढ़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। जबकि कुछ का इलाज अस्पताल में किया गया।

### प्रधानमंत्री ने किया आरबीआई के निर्णय का स्वागत, कहा

## 1,514 शहरी सहकारी बैंक होंगे मजबूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1,514 शहरी सहकारी बैंकों को मजबूत करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, यह सहकारी क्षेत्र के लिए अद्भुत है और कई लोगों को सशक्त करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के लिए देश में 1,514 शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को मजबूत करने की दिशा में चार महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के



साथ हुई विस्तृत चर्चा के बाद, आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंकों को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण उपायों को अधिसूचित किया है।

इसमें पहला है, अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) अब नई शाखाएं खोल सकते हैं। दूसरा, यूसीबी भी वाणिज्यिक बैंकों के बराबर वन टाइम सेटलमेंट कर सकते हैं। तीसरा, भारतीय रिजर्व बैंक ने यूसीबी के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) लक्ष्यों को दो साल तक यानी 31 मार्च, 2026 तक हासिल करने के लिए समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया है।

### मध्यम वर्ग विकास-नवाचार में सबसे आगे : पीएम मोदी

पीएम ने देश के मध्यम वर्ग को मजबूत करने और उनके अवसरों का विस्तार करने वाली पहलों के बारे में लेख, ग्राफिक्स, वीडियो और जानकारी साझा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मध्यम वर्ग विकास और नवाचार को चलाने में सबसे आगे है। उनकी कड़ी मेहनत नए भारत की भावना को परिभाषित करती है। हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग के लाभ के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' की दिशा में लगातार काम किया है।

### अदालत ने देवास के सीईओ रामचंद्रन विश्वनाथन को भगोड़ा घोषित किया

**बेंगलुरु।** देवास मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रामचंद्रन विश्वनाथन को यहां की एक विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। 21वें अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र न्यायाधीश, जो सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश भी हैं, ने गुरुवार को विश्वनाथन को एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 की विभिन्न धाराओं के तहत दायर एक आवेदन की अनुमति दी।



## आईएसआईएस के आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश, महिला समेत चार गिरफ्तार

### पोरबंदर में चला गुप्त ऑपरेशन, चारों गिरफ्तार आरोपितों के पाक कनेक्शन का खुलासा

**एजेंसी। पोरबंदर/अहमदाबाद**

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने पोरबंदर में बड़ा ऑपरेशन चला कर एक महिला समेत 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया जिन पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) के लिए काम करने का आरोप है। इनका आईएसआईएस और पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। आईजी दीपेन भद्रन की अगुवाई में शुक्रवार रात इस ऑपरेशन को पूरा कर आतंकी साजिश का पदार्फाश किया गया है। गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने प्रेंस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि चारों गिरफ्तार आरोपित इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से तीन भारत के रहने वाले हैं। जबकि एक विदेशी नागरिक है। चारों आईएसकेपी के सक्रिय सदस्य हैं और उनके कब्जे से कई प्रतिबंधित चीजें मिली हैं। गुजरात एटीएस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासान प्रोविन्स (आईएसकेपी) के साथ जुड़े कट्टर युवाओं को गुजरात के पोरबंदर समुद्र किनारे के रास्ते भारत से पलायन करने की योजना बनाने के दौरान पकड़ा गया। ये तीनों ईरान होते हुए इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान जाने वाले थे। इस सूचना के आधार पर गुजरात एसटीएस की टीम ने 9 जून को तड़के पोरबंदर रेलवे स्टेशन पर सख्त निगरानी शुरू की। यहां तीन संदिग्ध युवकों को देखकर इन्हें पकड़ा गया और पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों में उबेद नासिर मीर, हनान हयात शॉल और मोहम्मद हाजिम शाह (तीनों का ठिकाना श्रीनगर) शामिल हैं। पूछताछ में पता चला कि तीनों को उनके हैंडलर अबु हमजा ने कट्टरपंथी होने का प्रशिक्षण दिया था, जिसके बाद से वे इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन प्रोविन्स (आईएसकेपी) से जुड़ गए थे। तीनों से पूछताछ में पता चला कि अन्य दो व्यक्ति भी आईएसकेपी के इसी मॉडयूल के सदस्य हैं।

## झारखंड से लाया गया 2801.05 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। जोधपुर**

जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम की कड़ी में शनिवार अलसुबह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक ट्रक से 2801.05 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा को बरामद करते हुए तस्कर को पकड़ा है। वह यह किसके लिए लाया था, इस बारे में पुलिस ने जानकारी जुटाई है। अब मंगाने वाले की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला जोधपुर ग्रामीण में जिला स्पेशल टीम द्वारा नाकाबंदी के समय एक ट्रक वाहन से भारी मात्रा में 2801 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर मुलजिम को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन ट्रक को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। जिला स्पेशल टीम के कांस्टेबल मदन मीणा द्वारा आसूचना एकत्रित की गई। भारी मात्रा में डोडा चूरा जोधपुर ग्रामीण में विभिन्न तस्करों को वितरण के लिए झारखड से जोधपुर आ रहा है। सूचना पर जिला स्पेशल टीम प्रभारी लाखाराम मय टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर रवाना हुए। जहां पुलिस थाना कापरड़ा के पास थानाधिकारी जमील खां मय जाब्ता के साथ सूचना के आधार पर थाने के पास नाकाबंदी शुरू की गई। तब 10 चक्का ट्रक आता दिखाई दिया। जिन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तस्कर ट्रक को अधरें में भगाने के प्रयास में था, लेकिन पुलिस टीम की तत्परता से ट्रक का कब्जे में लेकर अभियुक्त बिरामी डांगियावास निवासी दिनेश विश्नोई पुत्र बागाराम विश्नोई से पूछताछ की गई।

## शरद पवार ने किया प्रफुल्ल पटेल और सुप्रिया सुले को राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। इस घोषणा को पार्टी में एक पीढ़ीगत बदलाव के साथ ही पवार के भतीजे अजित पवार को वस्तुतः दरकिनार करने तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने बगावती तेवरों के लिए पहचाने जाते हैं। पवार ने पार्टी की 24वीं वर्षगांठ पर यहां कार्यकारी अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार की मौजूदगी में यह घोषणा की गई। गौरतलब है कि पवार और पी.ए. संगमा ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। पवार ने अजित पवार, छगन



भुजबल, सुनील तटकरे, फौजिया खान सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कहा, प्रफुल्ल पटेल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे।

सुप्रिया सुले भी पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष होंगी। इस घोषणा के बाद उदास नजर आ रहे अजित पवार मीडिया से बातचीत किए बिना ही पार्टी कार्यालय से चले गए। अजित पवार ने 2019 में उस समय सभी को चौंका दिया था, जब उन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिलाकर तड़के ही उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह पवार की घोषणा से उत्साहित हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे।




## ‘आई लव यू’ सीन के लिए 14 घंटे तक पानी में रहीं रकुल प्रीत सिंह



**एक्ट्रेस** रकुल प्रीत सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म 'आई लव यू' की तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म के एक सीन के लिए, एक्ट्रेस को दो मिनट 30 सेकंड के लिए पानी के अंदर रहना पड़ा और इसकी तैयारी के लिए एक्ट्रेस ने वह सब कुछ किया जो वह पानी में रहकर कर सकती थी! ट्रेनिंग के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, भावनाओं को गहराई से समझने के लिए फिल्म के लिए मुझे एक खास तरह की सोच की जरूरत थी। कुल मिलाकर, मैंने अपनी भावनाओं के साथ सही मायने में जुड़ने के लिए एक महीने तक कड़ी तैयारी की। अंडरवाटर सीक्वेंस के लिए ट्रेनिंग पर अजहान एडनवाला नाम के एक स्कूबा प्रशिक्षक थे जिन्होंने मुझे दो मिनट 30 सेकंड के लिए अंडरवाटर होल्ड करने के लिए ट्रेंड किया।

### रोम से प्रियंका चोपड़ा की तस्वीरों पर जेसिका अल्बा ने किया कमेंट



**एक्ट्रेस** जेसिका अल्बा ने एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस की तस्वीरों पर रिएक्शन दिया। दरअसल, प्रियंका रोम में बुलगारी होटल के उद्घाटन में शामिल हुई थीं। इसकी तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इन फोटोज में एक्ट्रेस को ऑल-व्हाइट थाई-हाई स्लिट गाउन पहने देखा जा सकता है, जिसमें प्लंजिंग नेकलाइन और व्हाइट हील्स हैं। उन्होंने अपने बालों को दो पिगटेल्स में बांधा और एक नेकलेस के साथ अपने लुक को पूरा किया। तस्वीरों के साथ प्रियंका ने लिखा, रोम में बुलगारी होटलों के उद्घाटन पर मेरे बुलगारी परिवार को बधाई।

### उपलब्धि — पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल हुआ

# देश का कद ऊंचा हुआ : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का कद बहुत ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में 10वें नंबर था, वहीं आज नौ साल के नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

वे शनिवार को बिहार में रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीक के कारण देश का डंका दुनिया में बज रहा है। देश अमृतकाल के दौर से गुजर रहा है। 2027 आते-आते भारत दुनिया के विकसित देश



में खड़ा हो जाएगा। अब दुनिया के लोग भी इंडिया नहीं भारत कहने लगे हैं। राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी उपलब्धि में माता-पिता, मित्र व समाज के सभी लोगों का योगदान है। योग्यता के इस शिखर तक पहुंचाने में शिक्षकों के योगदान को नहीं भूलना। शिक्षा से ज्ञान एवं दीक्षा से संस्कार की प्राप्ति होती है। संस्कार के बिना शिक्षा का महत्व नहीं है। संस्कार विहीन को देश कभी सहन नहीं करता। ज्ञान के साथ संस्कार का होना जरूरी है। उपाधि लेने वाले छात्रों से कहा कि पढ़कर अहंकार में नहीं जीना चाहिए। जिन शिक्षकों को बदौलत आप सबको उपलब्धि मिली हैं उन सबको नमन है। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के 729 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। समारोह में मंगला देवी मेमोरियल गोल्ड मेडल 11 छात्रों को, देव नारायण सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल 17 छात्रों को एवं डॉ दरबारी सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल एक छात्र को प्रदान किया गया।बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने वाले छात्र-छात्राएं देश का नाम रोशन करें, यही शुभकामना है। 15 लाख बच्चे मैट्रिक पास करते हैं लेकिन मात्र 6 लाख छात्र ही इंटर की पढ़ाई करते हैं। कुछ बाहर प्रदेश में पढ़ने जाते हैं, तो कुछ पढ़ाई छोड़ देते हैं। बिहार हमेशा टॉप पर रहा है। इसके बावजूद शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार के लिए हम सबको प्रयास करना चाहिए।

समारोह में बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय सिन्हा, गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह समेत अन्य अतिथि मौजूद थे।

## रिलीज हुआ रितेश पांडेय का गाना ‘गद्दारी करबे’, अब हो रहा वायरल

**अपने** खूबसूरत और धमाकेदार गानों से भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के दिलों में बसने वाले सिंगर-एक्टर रितेश पांडेय का नया गाना 'गद्दारी करबे' आज रिलीज हो गया है। यह गाना इतना रोमांचक है कि रिलीज के साथ ही वायरल भी होने लगा है। अब तक इस गाने को लाखों लोग देख चुके हैं। गाने के म्यूजिक वीडियो में रितेश पांडेय के साथ श्वेता म्हारा नजर आ रही हैं, जिनके साथ रितेश की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब भा रही है। गाना मस्त अंदाज वाला है, जिसे रितेश पांडेय ने भोजपुरी की म्यूजिक सेंसेशन अनुपमा यादव के साथ मिलकर गाया है। बात करें गाना 'गद्दारी करबे' के थीम की तो यह कपल के ऊपर बनाया गया, जिसमें गाने के बोल से पता चलता है कि एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के मोबाइल को रिचार्ज करता है, लेकिन उसकी प्रेमिका किसी और से बात करती है।

